ISSN - 2583-3456



लौहित्य साहित्य सेतु

सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित अर्धवार्षिक द्विभाषिक ई-पत्रिका

লৌহিত্য সাহিত্য সেতু

সহযোগী বিদ্বানৰ দ্বাৰা পুনৰীক্ষিত দ্বিভাষিক ই-পত্রিকা

वर्ष: 5, अंक:8; जनवरी-जून, 2024

संपादक
पूजा बरुवा
डॉ. अनामिका राजबंशी

परामर्श मंडल

डॉ. किरण हजारिका
सम-कुलपति,

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली

kiranhazarika68@gmail.com

9859973647

प्रो. अमलेंदु चक्रवर्ती
कुलपति, रवींद्रनाथ ठाकुर विश्वविद्यालय,

नगाँव, असम

chakramal@gmail.com

9435346359

हाङमिजिहानसे
विशिष्ट असमीया एवं कार्बि साहित्यकार

hangmijihanse@gmail.com

9101275477

प्रो. बिभा भराली
अध्यापक, असमीया विभाग,

गौहाटी विश्वविद्यालय

bibha@gauhati.ac.in

डॉ. छाया भट्टाचार्य
सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं सह-अध्यापक

हिन्दी विभाग

कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी, असम

chgoswam@gmail.com

9435041094

प्रो. ज्योतिप्रकाश तामुली
अध्यापक, भाषाविज्ञान विभाग

गौहाटी विश्वविद्यालय

jyotiprakash.tamuli@gauhati.ac.in

सुरेशचंद्र शुक्ल
अध्यक्ष, भारतीय-नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम,

संपादक, स्पाइल-दर्पण (ओस्लो से प्रकाशित द्विभाषी- द्वैमासिक पत्रिका)

speil.nett@gmail.com

0047 -90070318

+91 -8800516479

डॉ. अमूल्य वर्मण
सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष एवं सह-अध्यापक,
हिन्दी विभाग, कॉटनकॉलेज

barmanamulyachandra@gmail.com

9854185077

प्रो. अरुण कमल
सेवानिवृत्त अध्यापक, अंग्रेजी विभाग

पटना विश्वविद्यालय एवं

विशिष्ट हिन्दी कवि

arunkamal1954@gmail.com

995998076

आशा प्रभात
प्रतिष्ठित हिन्दी साहित्यकार

ashaprabhat77@gmail.com
8210826546, 9835263251

रुणिमा शर्मा
उपाध्यक्ष एवं सह-अध्यापक

असमीया विभाग,कलियाबर
महाविद्यालय,नगाँव,असम

rsarmah.sarmah@gmail.com
9957620321

डॉ. बैकुंठ राजवंशी
सह-अध्यापक, असमीया विभाग,
प्रागज्योतिष महाविद्यालय, गुवाहाटी

brajbongshi01@gmail.com
9435103320

गोलोक चंद्र वैश्य
विशिष्ट हिन्दी सेवी, असम

7636885495

संपादक

पूजा बरुवा
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
नगाँव महाविद्यालय(ऑटोनोमस)
pujabaruah7274@gmail.com
8486316810

डॉ. अनामिका राजबंशी
सहायक प्राध्यापक, असमीया विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय
anamika@gauhati.ac.in
8011525022

संपादक मंडल

पूजा शर्मा
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय
poojasarmahindi@gauhati.ac.in
8638964510

बिद्या दास
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय
hindibidya14@gmail.com
8447785671

डॉ. प्रीति बैश्य
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
प्रागज्योतिष महाविद्यालय
pritibaishya@pragjyotishcollege.ac.in
9678885119 / 9707653753

उदिप्त तालुकदार
सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग
आर्य विद्यापीठ महाविद्यालय(ऑटोनोमस)
udipta.talukdar@avcollege.ac.in
7002272818

डॉ. दीपामणि हालै
सहायक प्राध्यापक, असमीया विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय
dipamani@gauhati.ac.in
7002653471

डॉ. करबी खेरकटारी बड़ो
सहायक प्राध्यापक, असमीया विभाग
प्रागज्योतिष महाविद्यालय
karabi@pragjyotishcollege.ac.in
7086519972

उत्पल डेका
कवि एवं अनुवादक
utpalkashyap123@gmail.com
8011472744

पंकज शर्मा
सहायक प्रोफेसर, आइकॉन कॉमर्स कॉलेज
(तकनीकी सहयोगी)
8638552898
pankaj11246@gmail.com

संपादकीय

साहित्य देश-काल की सीमा का अतिक्रम कर भिन्न भाषा के साहित्य के अध्ययन के जरिए हमें जोड़ता है । क्रमश: अंत:सम्बन्धित दुनिया में साहित्य संस्कृति, भाषा और इतिहास के बीच सेतु की तरह काम करता आया है। यह हमें भिन्न दृष्टिकोण से मानव अनुभवों को समझने की अनुमति देता है और सहानुभूति तथा समझौते की वकालत करता है । बहुभाषिक साहित्य को स्वीकार कर लेना ही वैचित्रमय संस्कृति के विषय में हमारी सोच को समृद्ध करता है और विश्वव्यापी इस एकता का पालन-पोषण करता है । वैचित्रमय भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक भंडार से समृद्ध द्विभाषिक ई-पत्रिका 'लौहित्य साहित्य सेतु' का यह आठवाँ अंक है । असम तथा भारत के भिन्न रचनाओं के साथ-साथ इसमें मौलिक रचनाओं को भी महत्व दिया जाता है। जिस तरह 'सेतु' नदी पार करने का एक माध्यम है, ठीक उसी तरह अनुवाद साहित्य भी एक ऐसा ही माध्यम है, जिसके जरिए स्रोत भाषा में प्रकाशित धारणाएँ लक्ष्य भाषा में उसी तरह प्रकाशित होती हैं। 'लौहित्य साहित्य सेतु' में हिंदी और असमीया – ये दो भाषाएँ मूलत: लेखन का माध्यम है । 'लौहित्य साहित्य सेतु' के इस अंक में कुछ लेख, निबन्ध, शोध-पत्र, समीक्षा, मौलिक कविता, अनूदित कविता आदि प्रकाशित हुए हैं। दोनों भाषाओं के भिन्न स्वादयुक्त साहित्य के साथ-साथ समग्र विश्व के भिन्न भाषी साहित्य को इन दो भाषाओं के जरिए प्रकाशित करके यह भिन्न भाषी लेखक और पाठक के हृदय में एक सेतु का निर्माण करे यही हमारा मूल लक्ष्य है।

भाषिक वैचित्र रक्षा के क्षेत्र में साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । अनुवाद, मौलिक रचना, शोध आदि के महत्व को ध्यान मे रखकर हमने हमारे पाठकों को बहुभाषिक साहित्यिक रचनाओं का मूल्यांकन और समर्थन कर उत्साहित करने के लिए इस पत्रिका को प्रस्तुत किया है । हम आशावादी हैं कि भिन्न सुर के साहित्य की उपलब्धि से आपलोग विश्वव्यापी साहित्य में अवदान देनेवाले कंठ के वैचित्र को स्वीकार करेंगे । ऐसा करने से हम विश्व के समृद्ध सांस्कृतिक और भाषिक वैचित्र के विषय में गहरी समझ को बढ़ावादे सकेंगे ।

पूजा बरुवा

डॉ. अनामिका राजबंशी

संपादक, लौहित्य साहित्य सेतु,

वर्ष:5, संख्या:8;जनवरी-जून, 2024

इस अंक में...

हिन्दी खंड

आलेख

- अनन्य उमानंद — पूजा शर्मा — 1
- अरुण कमल की कविताओं में स्थानीय प्रभाव से युक्त शब्द-विधान — रूबी मणि दास — 11
- भारतीय सिनेमा में नारी (हिंदी और असमीया सिनेमा के संदर्भ में) — अनन्या दास — 17
- असम की राभा जनजाति के वाद्ययंत्र — बरषा राभा — 21

कहानी

- सीमा-रेखा — सारा राय — 26
- कविता दादी का जीवन — डॉ. संजीव मंडल — 38

অসমীয়া খণ্ড

গৱেষণা পত্ৰ

- নিজৰা ৰাজকুমাৰীৰ নাটকত সমাজ চেতনা : (বিষ্ণু, বেলিয়ে কোৱা সাধু আৰু বাখৰুৱা নৈ ৰ'দৰ ঘাট নাটকৰ বিশেষ উল্লেখনেৰে) — পিকুমণি বৰা — 46
- 'ঘোষ্ট' নাটকৰ অসমীয়া অনুবাদ ভূতঃ এক অধ্যয়ন — ভাস্বতী বৰুৱা — 52
- উজনি অসমৰ মেচ কছাৰীসকলৰ খাদ্যাভ্যাস- এক অৱলোকন — গায়ত্রী খাৰঘৰীয়া — 60

প্ৰবন্ধ

- দেৱব্ৰত দাসৰ চুটিগল্পৰ বৰ্ণনাশৈলী — ড০ দীপামণি হালৈ মহন্ত — 68
- সাহিত্যত অভিযোজনঃ এটি ধাৰণাগত বিশ্লেষণ — ড০ অনামিকা ৰাজবংশী — 72
- ৰোমাণ্টিক অসমীয়া কবিতা বিনন্দ চন্দ্ৰ বৰুৱাৰ ‘হে জননী ভাৰতবৰ্ষ’ — পাঞ্চুৰিকা শইকীয়া — 77

নিবন্ধ

- শুকলতি : অসমৰ পৰম্পৰাগত ঔষধি গছৰ মূল্যৱান নিদৰ্শন — ভাস্বতী কাশ্যপ — 83

অনুবাদ কবিতা

- পাহাৰ — উৎপল ডেকা — 85
- শিশুক শিশুৰ দৰে থাকিব দিয়া — ঋষভ বশিষ্ঠ — 86

কবিতা

- মানুহবোৰ অলিখিত কবিতা — মনালিছা শর্মা — 87

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5, अंक:8; जनवरी-जून, 2024

अनन्य उमानंद

पूजा शर्मा

अद्वितीय प्राकृतिक सौन्दर्य की लीलाभूमि असम विशाल भारतवर्ष के पूर्वोत्तर-भाग में स्थित है। इस पुण्यभूमि असम की सभ्यता एवं संस्कृति अखिल भारतीय सभ्यता-संस्कृति की भाँति ही प्राचीन है। 'महामानव-समुद्र' भारतभूमि की तरह यह असम भी अलग-अलग समय में आने वाली वैविध्यपूर्ण मानव-संस्कृतियों, जातियों-प्रजातियों, धर्मावलम्बियों की मिलन-भूमि है। धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में असम में शैव, शाक्त, वैष्णव, शंकरी, इस्लाम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन जैसी अनेक आस्थाओं की सहोपस्थिति में एक बहुरंगी स्वरूप दृष्टिगत होता है। इस प्रांत के विभिन्न जिलों में अनेकानेक मंदिर, मठ, सत्र, दरगाह, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च आदि विद्यमान हैं जिनमें उमानंद अन्यतम है । धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध उमानंदएक पुरातन धरोहर-स्थल के रूप में अपनी सर्वथा अनूठी पहचान रखता है।

विश्व के सबसे छोटे आवासीय नदी-द्वीप के रूप में प्रसिद्ध उमानंद असम के अन्यतम प्राचीन नगर गुवाहाटी के कछारी घाट की उत्तरी ओर ब्रह्मपुत्र नद के बीचोंबीच स्थित है । इस शिलामय द्वीप या टापू का अक्षांशीय-देशांतरीय विस्तार 26° 11'47''N (उत्तर दिशा) — 91° 44'42''E (पूर्व दिशा) है । 'उमानंद' शब्द 'उमा' (आदिनाथ महादेव की अर्धांगिनी पार्वती या शक्ति का एक अन्य नाम) एवं 'आनंद' (शिव)— इन दो शब्दों के योग से निर्मित है।

ब्रह्मपुत्र की गोद में स्थित उमानंद द्वीप

https://images.app.goo.gl/6cPhTh49LM27rLHA9

इस छोटी-सी पहाड़ी की उत्पत्ति से संबंधित गाथा की जड़ें हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों

में विद्यमान हैं । 'कालिकापुराण' और 'योगिनीतंत्र' में उल्लिखितानुसार सृष्टि के आरम्भ में देवाधिदेव महादेव ने अपनी पत्नी उमा के विश्राम हेतु अपने शरीर के एकांश भस्म को छिड़ककर इस पहाड़ी का निर्माण किया था एवं उन्हें तत्व-ज्ञान प्रदान किया था । मान्यता है कि माँ उमा के आनन्दार्थ भगवान शिव भयानन्द के रूप में इस स्थान में चिर विद्यमान हैं और इसीलिए इसे उमानंद या उमानाथ कहा जाता है। अन्य एक किंवदंती के अनुसार ब्रह्मपुत्र नद के बीचोंबीच स्थित इस पहाड़ी पर महादेव गहन योग-साधना में लीन थे। उसी समय कामदेव ने आकर अपने काम-वाण द्वारा भगवान शिव का ध्यान भंग करने का दुःसाहस किया था। तब उनके इस कार्य से क्रोधान्वित होकर महादेव ने अपने तीसरे नेत्र की अग्नि से कामदेव को इसी स्थान पर भस्मीभूत कर दिया था। तब से यह पहाड़ी भस्माचल के नाम से जाने जानी लगी । 'कालिकापुराण' और 'योगिनीतंत्र' में इसे भस्माचल,भस्मकूट और भस्मशैल नामों से अभिहित किया गया है । इस स्थान से नीलाचल पहाड़ी दिखायी देती है जहाँ माँ कामाख्या देवी का मंदिर स्थित है । ऐसी मान्यता है कि जब भगवान शिव भस्माचल पहाड़ी पर ध्यान कर रहे थे, तब माँ उमा नीलाचल पहाड़ी पर उनकी प्रतीक्षा कर रही थीं। उमानंद नाम की उत्पत्ति से संबंधित यह किंवदंती-कथा भी लोक-समाज में प्रचलित है। उल्लेखनीय है कि इस द्वीप की बनावट मोर पक्षी के खुले पंखों की तरह प्रतीत होती है जिसके चलते एक ब्रिटिश अफ़सर ने इसे मयूर द्वीप (Peacock Island) की आख्या भी दी है।

उमानंद द्वीप की उत्तर दिशा में उत्तर गुवाहाटी, दक्षिण में गुवाहाटी शहर, पूर्व में महाबाहु ब्रह्मपुत्र की विशालता एवं दक्षिणी-पश्चिमी ओर ब्रह्मपुत्र की ही गोद में बसे दो अन्य छोटे द्वीप- उर्वशी एवं कर्मनाशा हैं । गुवाहाटी और उत्तर गुवाहाटी से उमानंद तक पहुँचने के एकमात्र साधन नौकाएँ एवं स्टीमर हैं । इस कारण बरसात के दिनों को छोड़कर अन्य सभी समय इस द्वीप की यात्रा की जा सकती है। गुवाहाटी के शुक्रेश्वर घाट या फेंसी बाज़ार घाट से नौका (फेरी) या जहाज़ द्वारा द्वीप तक पहुँचने की व्यवस्था है। हालांकि,एक दूसरी अधिक सुविधाजनक एवं सहज-सुलभ व्यवस्था असम सरकार के अधीनस्थ अंतर्देशीय जल परिवहन द्वारा उपलब्ध करायी गयी है जो उमानंद द्वीप को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के समीप उजानबाज़ार घाट से जोड़ती है। इस घाट (उमानंद घाट) पर एवं कुछ ही दूर पर स्थित इसी घाट के एक अन्य भाग लाचित घाट

पर क्रमशः 100 रुपये एवं 20 रुपये प्रति यात्री के शुल्क की व्यवस्था है। सामान्यतः ये यात्राएँ लगभग सुबह 9.30 से शाम 4.30-5.00 तक चलती रहती हैं। घाट पर मौजूद नौकाओं और स्टीमरों पर सवार होकर ब्रह्मपुत्र की उत्ताल तरंगों एवं मनोरम परिवेश का आनन्द उठाते हुए लगभग दस-पंद्रह मिनट का रोमांचक सफ़र तय कर पर्यटक एवं भक्तगण उमानंद की प्रशान्ति में प्रवेश कर सकते हैं।

उमानंद की चोटी पर बसे परिसर तक पहुँचने के लिए 150 से भी अधिक सीढ़ियाँ बनी हुई हैं। तट से लगी हुई पत्थर की सीढ़ियाँ चढ़ने पर दोनों तरफ नन्दी से सुसज्जित एक प्रवेश-द्वार प्राप्त होता है जहाँ से सीमेंट से निर्मित सीढ़ियाँ चढ़ते हुए चोटी तक पहुँचा जा सकता है। आधी से भी अधिक ऊँचाई प्राप्त करने के बाद यात्रियों की सुविधा हेतु पूजा-सामग्री की दुकानों एवं एक छोटे-से होटल की व्यवस्था है। यहाँ से मार्बल से बनी सीढ़ियाँ चढ़ने के बाद कुछ ही ऊँचाई पर उमानंद मंदिर के उजले रंग का मूल प्रवेश-द्वार मिलता है और यहीं से मंदिर-परिसर का आरम्भ होता है।

उमानंद का मूल प्रवेश-द्वार

https://images.app.goo.gl/jbRPFnizG1wCCRWAA

उमानंद द्वीप में कुल छह मंदिर हैं-- श्री श्री उमानंद शिव भैरव मंदिर,चन्द्रशेखर मंदिर,श्री श्री महाप्रभु वैद्यनाथ मंदिर, श्री हरगौरी मंदिर,श्री श्री गणेश मंदिर और श्री हनुमान मंदिर। इनमें से श्री श्री उमानंद शिव भैरव मंदिर, श्री श्री गणेश मंदिर,चन्द्रशेखर मंदिर और श्री श्री महाप्रभु वैद्यनाथ मंदिर उक्त मूल प्रवेश-द्वार के भीतर के परिसर में स्थित हैं, जबकि श्री हरगौरी मंदिर मूल प्रवेश-द्वार की ठीक बाहरी ओर एवं श्री हनुमान मंदिर चोटी से कुछ नीचे की ओर स्थित हैं। समूचे द्वीप में एक अप्रतिम आध्यात्मिक ऊर्जा की विद्यमानता स्पष्टतः अनुभूत होती है।

उमानंद द्वीप मूलतः इसी श्री श्री उमानंद शिव भैरव मंदिर के कारण असम के अन्यतम प्रसिद्ध प्राचीन तीर्थस्थान के रूप में परिगणित किया जाता है। आध्यात्मिकता की भूमि भारतवर्ष में ऐसे तो बहुत सारे शिव मंदिर एवं ज्योतिर्लिंग मौजूद हैं, लेकिन गुवाहाटी का यह उमानंद शिवालय ऐसा अनूठा शिव-धाम है जो अपनी ख़ास भौगोलिक संरचना और प्राचीन किंवदन्ती-कथाओं के लिए बहुचर्चित एवं लोक-समादृत है। मूल प्रवेश-द्वार से होकर

मंदिर-परिसर में प्रवेश करते ही सामने उमानंद मंदिर का उजले रंग का नक्काशियों से युक्त सामनेवाला हिस्सा (परवर्ती समय में निर्मित) दीख पड़ता है। भीतर प्रविष्ट होने पर मुख्य गर्भगृह से सटा हुआ एक बड़ा-सा कक्ष मिलता है जिसके बीचोंबीच विष्णु और ब्रह्मा के विग्रहों की पूजा-अर्चना होती है। नामघर-सदृश इस महाकक्ष से आगे बढ़ने पर उमानंद मंदिर का मुख्य गर्भगृह दिखायी पड़ता है। ऐतिहासिक साक्ष्यानुसार 1616 शक (सन् 1694) में आहोम राजवंश के अन्यतम समर्थ एवं शक्तिशाली शासक गदाधर सिंह (सन् 1681—सन् 1696) ने गड़गाँ संदिकै बरफुकन द्वारा इस मूल मंदिर का निर्माण कराया था। उल्लेखनीय है कि गदाधर सिंह द्वारा निचले असम में निर्माण कराया गया यही एकमात्र देवालय है।

उमानंद-यात्रा के दौरान उमानंदमंदिर के प्रवेश-भाग की स्व-खींची तस्वीर

इस मूल मंदिर में भू-पृष्ठ से लगभग 14 फीट नीचे गर्भगृह के भीतर पत्थर से खुदित अनादि शिवलिंग एवं माँ उमा और महादेव का युगल-विग्रह विराजमान हैं। वस्तुतः इस मंदिर के अधिष्ठाता देवता यही भगवान 'उमानंद' हैं (तत्रास्ति भगवान शम्भूरुमानन्दकराः प्रभु)। इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में आहोम शासक शिवसिंह द्वारा दान की हुई चाँदी से निर्मित बृषभवाहन दशभुजविशिष्ट उमानंद की 1300 तोले वज़न की एक चलायमान प्रतिमूर्ति भी विद्यमान थी। लेकिन दुर्भाग्यवश सन् 1965 के आसपास उसकी चोरी हो गयी। इसी मूर्ति के सिंहासन के चारों तरफ एक लिपि भी मौजूद थी। अखण्ड दीप की ज्योति से अभिमंडित उक्त अनादि शिवलिंग से ब्रह्मपुत्र तक उत्तर दिशा की ओर प्रवहमान मन्दाकिनी गंगा जुड़ी हुई है। पूजा में अर्पित पुष्प-जल आदि इसी मन्दाकिनी गंगा से होते हुए ब्रह्मपुत्र में जा मिलते हैं। शिवलिंग केऊपर चाँदी से निर्मित दत्तछत्र एवं उसके पास ही नन्दी-भृंगी की पत्थर की खुदी हुई एक मूर्ति है।

कहा जाता है कि किसी समय इस मंदिर का परिसर 9,664 बीघे (लाखिराज) और 6,017 बीघे (निष्पिखिराज) ज़मीन में परिव्याप्त था,पर आज यह संकुचित होकर लगभग 13 बीघे 3 कट्ठे की ज़मीन में सीमित हो गया है। ध्यातव्य है कि सन् 1897 के

प्रलयंकारी भूकंप में यह मंदिर काफी क्षतिग्रस्त हुआ था,पर मूल गर्भगृह यथावत् सुरक्षित रहा। कालान्तर में, श्री धानुका मिल के संरक्षक सम्पन्न स्थानीय व्यापारी रामजी दास गणपत राय ने सन् 1940 में इसका पुनर्निर्माण कराया । हालांकि, पुनर्निर्माण-प्रक्रिया के दौरान नवीनीकरण लाने हेतु उन्होंने न केवल मूल मंदिर के सामने वाले नामघर-सरीखे महाकक्ष का निर्माण करवाया,बल्कि मंदिर के सामने वाले भाग एवं भीतर की दीवारों पर राधे-श्याम शब्द-युक्त टाइल्स का भी प्रयोग किया । इसके फलस्वरूप समग्रतः देखने पर वर्तमान यह शिवालय उमानाथ, विष्णु एवं ब्रह्मा का समाहार बन पड़ा है।

स्थानीय पुजारियों की मान्यतानुसार सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या तिथि इस मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सबसे शुभ एवं परमानन्ददायक मानी जाती है। इस विश्वास की पुष्टि 'योगिनीतंत्र'में उल्लिखित प्रस्तुत श्लोक से ही हो जाती है, यथा –

अथ चान्यत् प्रवक्षामि गुह्याद गुह्यतरं शुभं।
बृषध्वजस्य माहात्म्यं शृणु देवि वरानने।
संयुक्ता सोमवारेण अमवस्या भवेद् यदि।
तदा भस्माचलं गत्वा देवमभ्यर्च्च यत्नतः।
कुलैकविंशमुद्धृत्य च गच्छेत परमं पद॥

(पंचम पटल,श्लोक185)

(अर्थात्, हे देवी ! वृषध्वज शिव के माहात्म्य से संबंधित एक मंगलकारी रहस्यमयी बात सुनिए -- यदि सोमवार की अमावस्या तिथि का संयोग प्राप्त हो, तब भस्माचल पहाड़ी पर जाकर यथाविधि का अनुपालन करते हुए बड़े ही यत्नपूर्वक वृषध्वज शिव की पूजा-अर्चना करने से भक्त अपनी इक्कीस पीढ़ियों तक का उद्धार करके स्वयं भी परम पद को प्राप्त कर सकता है।)

उमानंद मंदिर में प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है । इस दिन यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता है तथा महादेव एवं माँ उमा के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का ताँता-सा लग जाता है । विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने हेतु भक्तगण सुबह से ही लम्बी कतार बनाकर तट से ऊपर की चोटी तक बनी सीढ़ियों पर चलते जाते हैं। इस दिन यहाँ दिन-भर भोग चलता रहता है और कोई भी भक्त बिना भोलेनाथ का भोग ग्रहण किए मंदिर-परिसर से वापस नहीं जाता। मान्यता है कि फाल्गुन महीने के इस विशेष दिन को माँगने वालों की हर मनोकामना भगवान उमानंद पूरी करते हैं।

मूल प्रवेश-द्वार से मंदिर-परिसर में प्रविष्ट होते ही दाहिनी ओर उजले रंग का श्री श्री गणेश मंदिर दिखायी पड़ता है। भक्तगण सबसे पहले यहाँ स्थापित अग्रपूज्य भगवान

गणेश के पत्थर पर खुदित विग्रह की अर्चना करने के बाद ही उमानंद मंदिर की ओर आगे बढ़ते हैं।

उमानंद मंदिर की बायीं ओर ईंट से निर्मित लाल रंग का एक छोटा-सा मंदिर स्थित है। इस मंदिर का निर्माण सन् 1820 में आहोम शासक चन्द्रकान्त सिंह ने किया था और आज भी यह उसी प्राचीन रूप में विद्यमान है । स्थानीय पुजारी से प्राप्त तथ्यानुसार इस देवालय का नामकरण विवादास्पद है । इसे अलग-अलग समय पर चन्द्रशेखर मंदिर एवं महाकाल मंदिर के नामों से अभिहित किया जाता रहा है। आठकोणीय शिखर की वर्गाकृति के इस मंदिर के भीतर शिवलिंग स्थापित है । मंदिर की बाहरी दीवारों पर आहोम वास्तु-कला के दर्शन होते हैं । इसके प्रवेशद्वार के सामने आज भी एक अस्पष्ट शिलालिपि है जो गदाधर सिंह की 1616 शक की बतायी जाती है। इसमें खुदित लिपि-चिह्न तो कालधारा की गति में अस्पष्ट हो गए हैं,पर ध्यान देने पर कुछेक रूप प्राचीन ब्राह्मी जैसे प्रतीत होते हैं । ऐसी प्राचीन शिलालिपियों के समुचित संरक्षण एवं उनके गहन पुरातात्विक अध्ययन की नितांत आवश्यकता है।

चन्द्रशेखर मंदिर या महाकाल मंदिर के ठीक सामने भूरे रंग का एक छोटा-सा मंदिर है जो श्री श्री महाप्रभु वैद्यनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है । सन् 1989 में निर्मित इस मंदिर के दाता नाजिरा के निवासी श्री जगन्नाथ गगै हैं । इस मंदिर के भीतर भी शिवलिंग स्थापित है और भक्तगण यहाँ बिना माथा टेके नहीं जाते। मूल प्रवेश-द्वार के ठीक बाहर बायीं ओर श्री हरगौरी मंदिर स्थित है । श्री नवज्योति देव चौधुरी-कृत 'पुण्यभूमि असम' से प्राप्त तथ्यानुसार इस मंदिर कानिर्माण आहोम शासक शिवसिंह ने सन् 1700 में किया था । हालांकि, ऐतिहासिक साक्ष्यानुसार स्वर्गदेउ शिवसिंह का शासनकाल सन् 1714-1744 तक का रहा। इस स्थिति में इस मंदिर का निर्माण किस आहोम शासक द्वारा हुआ, यह अभी भी विवादास्पद बना हुआ है। फिर भी, आहोम स्थापत्य एवं मूर्ति-कला के एक और अनूठे नमूने के तौर पर यह मंदिर आज भी अपने उसी प्राचीन रूप में विद्यमान है । उमानंदमंदिर के मूल प्रवेशद्वार की बाहरी तरफ विपरीत दिशा में चोटी से कुछ नीचे की ओर श्री हनुमान मंदिरस्थित है जिसका निर्माण एक भक्त द्वारा सन् 1962 में हुआ था । यहाँ रुद्रावतार के रूप में भगवान हनुमान की पूजा की जाती है।

उमानंद-मंदिर के अतिरिक्त अन्य पाँच मंदिर : 1.श्री श्री गणेश मंदिर, 2. चन्द्रशेखर मंदिर या महाकाल मंदिर,3. श्री श्री महाप्रभु वैद्यनाथ मंदिर, 4. श्री हरगौरी मंदिर और 5. श्री हनुमान मंदिर की स्व-खींची तस्वीरें

मंदिर-परिसर में एक निर्धारित समय पर नगाड़ा-कीर्तन होता है जिसके बाद भगवान को भोग चढ़ाया जाता है और फिर मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालु भोग ग्रहण करते हैं। मंदिर के एक वरिष्ठ पुजारी श्री बिपिन शर्मा जी से साक्षात्कार के दौरान प्राप्त तथ्यानुसार सन् 1694 में जब गदाधर सिंह ने मूल मंदिर का निर्माण कराया था तब असम में कोई ब्राह्मण परिवार स्थायी रूप से निवास नहीं करता था। तब गदाधर सिंह औरंगज़ेब के जरिए कन्नौज से दो ब्राह्मण-परिवारों को यहाँ लाए और आज भी उन्हीं की पीढ़ियाँ इस मंदिर की देख-रेख कर रही हैं। उमानंद मंदिर में आज तीन स्थानों के आवासी पुजारी सेवारत हैं -- चांगसारी के पराशर-गोत्र के पुजारी,हेलचा के भारद्वाज-गोत्र के पुजारी और पछरीया के शांडिल्य-गोत्र के पुजारी। मंदिर के पुजारियों से संबंधित एक नियम भी प्रचलित है जिसके अनुसार इस पहाड़ी पर किसी भी पुजारी के परिवार के स्थायी रूप में निवास न करने की शर्त है। आज भी इस नियम का अनुपालन करते हुए सभी पुजारियों के परिवार उपरोक्त तीन स्थानों में निवास करते हैं। दिन-भर होने वाली पूजा-अर्चना के बाद मंदिर-परिसर में केवल मूल पुजारी एवं एक सहायक पुजारी ही रहते हैं।

उमानंद द्वीप एवं उसके मूल मंदिर के साथ एक किंवदन्ती-कथा भी जुड़ी हुई है। मंदिर के पुजारी श्री बिपिन शर्मा जी जनश्रुति के आधार पर इसका खुलासा करते हुए बताते हैं कि द्वापर-युग में गुवाहाटी प्रागज्योतिषपुर के नाम से प्रसिद्ध था। संभवतः उस समय यह पहाड़ी प्रागज्योतिषपुर के साथ जुड़ी हुई थी। ब्रह्मपुत्र नद इस पहाड़ी के उत्तर की ओर से बहता था। इस पहाड़ी की दाहिनी ओर एक सौदागर रहता था जिसके पास बहुत सारी गायें एवं अन्य पशु थे। उन्हीं में से एक कामधेनु (गाय) नित-प्रतिदिन दूध देने इस पहाड़ी पर चली आती थी। आसपास के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार जब सौदागर ने अपनी उस गाय का पीछा किया तब उसने देखा कि वह गाय रोज़ एक बेल के पेड़ के नीचे दूध देती है। उत्सुकतावश सौदागर ने उस स्थान की

खुदाई करवायी तो वहाँ एक शिवलिंग प्राप्त हुआ । उसी रात सौदागर के सपने में स्वयं महादेव ने दर्शन दिए और उससे कहा कि इतने काल तक वे मनुष्यों की दृष्टि से अन्तर्धान थे,पर आज उनके प्रतीक-स्वरूप शिवलिंग को प्रकट कर दिया गया । इतना कहकर महादेव ने उस सौदागर को उस पहाड़ी पर एक शिव मंदिर बनाने का आदेश दिया । उसी रात एक भयानक भूकंप के कारण ब्रह्मपुत्र का बहाव दो भागों में बंट गया और वह पहाड़ी प्रागज्योतिषपुर से कटकर ब्रह्मपुत्र नद के बीचोंबीच एक द्वीप के रूप में रह गयी । जब जलस्तर का उफान कुछ कम हुआ तब उस सौदागर ने वहाँ जाकर बाँस-फूस द्वारा एक मंदिर का निर्माण किया । इस प्रकार यहाँ के शिवलिंग की उत्पत्ति की यह लोक-कथा काफी प्रचलित है ।

मंदिर के पूर्वोक्त पुजारी के तथ्यानुसार इसी झोपड़ी-नुमा मंदिर के स्थान पर प्रागज्योतिषपुर के राजा नरकासुर ने पत्थर से निर्मित एक मंदिर की स्थापना की थी । सन् 1553 में गौड़ के नवाब सुलेमान कररानि के सेनापति कालापाहार ने अपने असम-आक्रमण के दौरान कामाख्या मंदिर एवं हयग्रीव-माधव मंदिर के साथ ही नरकासुर द्वारा निर्मित इस पत्थर के शिव मंदिर का भी विध्वंस कर दिया था । इस सम्बन्ध में मंदिर के उक्त पुजारी मंदिर-परिसर के किन्हीं स्थानों पर तथा द्वीप के दक्षिणी तट पर उस पत्थर-मंदिर के भग्नावशेषों की ओर संकेत अवश्य करते हैं, पर इस तथ्य की पुष्टि हेतु कोई ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं है । कालान्तर में, आहोम शासक गदाधर सिंह ने इसी स्थान पर वर्तमान के उमानंद मंदिर का निर्माण कराया । समय के साथ-साथ मंदिर के बाहरी स्वरूप एवं मंदिर-परिसर में परिवर्तन अवश्य आते गए पर उमानंद विग्रह से युक्त मूल गर्भगृह अक्षत बना रहा ।

गुवाहाटी शहर के आस-पास के पंचतीर्थों में से अन्यतम उमानंद असम के राज्यिक संरक्षित स्थानों के अन्तर्गत आता है । यह द्वीप सन् 1980 के आसपास स्थापित विलुप्तप्राय सुनहरे लंगूरों की एक नस्ल का आवासस्थान भी रहा है । हालांकि, वर्तमान समय में उनमें से केवल एक ही लंगूर जीवित है जिसे असम राज्य चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया गया है । इसके अलावा यहाँ वनरौ, बिल्ली और कुछेक पक्षी भी देखे जाते हैं । उमानंद में इमली के पेड़ों की बहुतायत लक्षित होती है । अन्य पेड़-पौधों और पुष्पों में बेल, वटवृक्ष, रुद्राक्ष, नीम, आम, आँवला, महानींबू, नारियल, कटहल, खजूर, 'पमा',

तुलसी, हरशृंगार, शेफाली, कृष्णचूड़ा, राधाचूड़ा आदि उल्लेखनीय हैं । उमानंद पुरातात्विक दृष्टि से भी समृद्ध है। इसमें प्राक्-मध्ययुगीन काल के ऐसे अनेक पत्थर पर खुदित स्थापत्य, शिलालिपि, नक्काशी के दर्शन होते हैं जो आहोम युग के कारीगरों की उत्कृष्ट कारीगरी के साक्षात् प्रमाण हैं । मंदिर के पूर्वोक्त पुजारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चोटी के कुछ नीचे की ओर दक्षिणी तट पर पत्थर से बनी एक उत्तर-गुप्तकालीन गुफा भी मौजूद है जिसकी बाहरी ओर माँ अन्नापूर्णा (माँ दुर्गा का एक अन्य रूप) की चतुर्भुजी मूर्ति और भगवान गणेश की मूर्तियाँ खुदी हुई हैं । इसी गुफा की भीतरी दीवारों पर कुछ खुदित लिपि-स्वरूप अवशेष भी पाये जाते हैं।

मान्यता है कि उमानंद कामाख्या देवी का भैरव है जिसके कारण श्रद्धालुओं को सबसे पहले उमानंद के दर्शन करके फिर पाण्डु के पंचपाण्डव के दर्शन करने चाहिए और उसके बाद ही नीलाचल पर्वत पर स्थित कामाख्या में पूजा-अर्चना करनी चाहिए। 'कालिकापुराण' एवं 'शिवपुराण' में उल्लिखित कथाएँ इस द्वीप को और भी अधिक दैविक एवं विशिष्ट बनाती हैं। इस अद्वितीय तीर्थस्थल पर भक्तों की बड़ी आस्था है जो आज के भौतिकतावादी समय में भी अक्षुण्ण बनी हुई है । वर्तमान उमानंद के बीचोंबीच गुवाहाटी महानगर और उत्तर गुवाहाटी के संयोगी रोपवे (ropeway) का एक टावर निर्मित हुआ है जिसे आधुनिकीकरण के प्रभाव के तौर पर लिया जा सकता है ।

अनादि काल से प्रवहमान ब्रह्मपुत्र नद की शुभ्र निर्मल लहरों से अविराम टकराते उमानंद की नैसर्गिक शोभा पर्यटकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करती है । अन्य तीर्थस्थानों की तुलना में यह द्वीप एक आनन्ददायक अपवाद-स्वरूप है । मनोरम प्राकृतिक सौन्दर्य से सुशोभित यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए भूस्वर्ग-सरीखा है । इसके तटीय भाग से लोहित के अनिर्वचनीय रूप-लावण्य और गुवाहाटी महानगर के भव्य सौन्दर्य का आनन्द उठाया जा सकता है । धर्मीय उपासना के इस पवित्र स्थान में पदार्पण करने वाले प्रत्येक भक्त का मन एक अनन्य प्रशान्ति से भर उठताहै । उमानंद-मंदिर के दर्शन के बाद शाम को ढलते हुए सूरज की रक्तिम किरणों की रोशनी से विशालकाय ब्रह्मपुत्र की धारा ज्योर्तिमंडित हो उठती है । प्रकृति की अप्रतिम सुन्दरता एवं आध्यात्मिकता की सहज भावना को फलीभूत करती उमानंद की यात्रा निश्चित रूप से दर्शनार्थियों को अविस्मरणीय स्मृति प्रदान करती है। महाबाहु ब्रह्मपुत्र का कंठहार-सदृश

यह उमानंद 'सत्यम्, शिवम् और सुन्दरम्' का आस्थामय सन्देश देता हुआ अनन्त काल तक जनमानस में दिव्य अनुभूति एवं परम शान्ति की जागृति करता रहेगा।

उमानंद सचमुच अनन्य है,अद्वितीय है!

(**नोट** : प्रस्तुत लेख की रचना हेतु उमानंद की यात्रा द्वारा सर्वेक्षण और साक्षात्कार के माध्यम से यथावश्यक तथ्यों के संग्रह का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त डॉ॰ प्रदीप बरुवा-कृत 'चित्र-बिचित्र असम', श्री नवज्योति देव चौधुरी-कृत 'पुण्यभूमि असम' और श्री शान्तनु कौशिक बरुवा-कृत 'असमर ऐतिह्य' जैसे ग्रन्थों एवं इंटरनेट की सहायता ली गयी है।)

संपर्क सूत्र :

सहायक आचार्या

हिन्दी विभाग

गौहाटी विश्वविद्यालय

पिन:781014

दूरभाष : 8638964510

ई-मेल : poojasarma2015@gmail.com

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5, अंक: 8; जनवरी-जून, 2024

अरुण कमल की कविताओं में स्थानीय प्रभाव से युक्त शब्द-विधान

रूबी मणि दास

प्रत्येक कवि की शिल्पगत विशेषताएँ अलग-अलग होती है। शिल्प विधान के अंतर्गत शब्द, बिम्ब, प्रतीक, मुहावरे एंव लोकोक्तियों को लिया जाता है। इन बिंदुओं के आधार पर ही एक कवि तथा उनके द्वारा लिखित कविता की चर्चा की जाती है। शिल्प-विधान का सबसे प्रमुख तत्व है शब्द। शब्द ही बिम्ब, प्रतीक, मुहावरे इन सभी का आधार है।कविता को हृदय की वाणी कहा जाता है, जिन भावों को कवि द्वारा अनुभव किया जाता है, उसे उसी रूप में कवि अपनी बोली द्वारा कविता के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। इन भावों की अभिव्यक्ति के लिए कवि की मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा ही सर्वश्रेष्ठ होती है। कवि अपनी मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में जैसे अपने भावों को अभिव्यक्त कर पाऐंगे, वैसे दूसरी भाषा में नहीं, क्योंकि वह कवि की अपनी भाषा, अपने शब्द हैं, अपने हृदय की भाषा है।

भाषा मनुष्य के भाव, विचार तथा अनुभूतिओं के अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ साधन है।भाषा के अभाव में विचारों का सही और सटीक संप्रेषण कभी संभव नहीं होता। लेखक तथा कवि के लिए तो यह और भी आवश्यक है कि वह अपनी लेखनी में भावों की अभिव्यक्ति के लिए सही शब्दों का चयन करें। प्रत्येक स्थान में रहनेवाले लोगों का रहन-सहन, खान-पान जिस प्रकार भिन्न-भिन्न होता है, उसी प्रकार भाषा और बोली भी भिन्न-भिन्न होती है। एक व्यक्ति अपनी मातृभाषा तथा स्थानीय भाषा को सबसे पहले सीखता है। अपनी स्थानीय भाषा से ही व्यक्ति का गहरा लगाव होता है। जीवन निर्वाह के लिए हो या अनेक कारणों से व्यक्ति जिस किसी भी भाषा का प्रयोग क्यों न करे, पर अपनी स्थानीय भाषा तथा मातृभाषा को कभी भूलता नहीं है। अरुण कमल की कविताओं में ऐसे अनेक शब्द देखे जाते हैं, जो उनके स्थानीय परिवेश तथा स्थानीय भाषा के प्रति लगाव को दर्शाते हैं।

कवि अरुण कमल बिहार के रहनेवाले हैं। बिहार में प्रमुख रूप से मगही, मैथिली, भोजपूरी आदि बोलियों का प्रयोग किया जाता

है।अत: इन स्थानीय बोलियों का प्रभाव कवि अरुण कमल पर देखा जाता है । लेकिन कवि अरुण कमल पर भोजपूरी का प्रभाव अधिक देखा जाता है । अरुण कमल हिंदी के समकालीन कवि हैं। हिंदी के समकालीन कवि और लेखकों ने अपने भाव-विचारों की अभिव्यक्ति के लिए सहज-सरल भाषा का प्रयोग किया है। अरुण कमल ने भी अन्य कवि और लेखकों की भाँति सहज-सरल भाषा का ही प्रयोग अपने काव्य में किया है, लेकिन उनके काव्य में उनकी स्थानीय भाषा के अनेक शब्द देखे जाते हैं, क्योंकि उनके मन में अपने स्थान, परिवेश तथा अपने लोगों के प्रति अत्यंत लगाव है।वे हर दृष्टि से अपने जड़ से जुड़े रहना चाहते हैं । अपने जड़ से जुड़े रहने के कारण उनके काव्य में यथार्थता अधिक विद्यमान है ।

अरुण कमल के कविताओं में शब्द एंव वाक्य:

किसी भी साहित्यिक लेखन में चाहे वह कविता, कहानी, उपन्यास हो या नाटक हो सबमें शब्दों का चयन बहुत मायने रखता है । उचित शब्दों का प्रयोग ही साहित्यकार के भावों को व्यक्त करने में सहायक होती है । शब्दों के उचित चयन के द्वारा ही एक अर्थपूर्ण वाकय का निर्माण होता है । कविता लेखन में तो सबसे पहला और महत्वपूर्ण तत्व शब्द है, क्योंकि शब्द द्वारा ही कवि के भाव-संवेदनाओं को आकार दिया जाता है । इसलिए शब्द को कविता की आत्मा भी कहा जा सकता है ।

कवि अरुण कमल ने अपनी कविता लेखन में हिंदी भाषा के सहज-सरल शब्दों का प्रयोग किया है, लेकिन उनकी कविताओं में उनकी स्थानीय बोली के भी अनेक शब्द तथा अंग्रेजी भाषा के भी कुछ शब्द देखे जाते हैं । अरुण कमल समकालीन कवि हैं और अपने समय तथा समाज की प्रत्येक सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि परिस्थितियों को लोगों के समक्ष प्रस्तुत करने तथा उनके प्रति साधारण जनता को सचेत करने में उनके स्थानीय बोली के अनेक शब्द सहायक सिद्ध हुए हैं । स्थानीय शब्दों के प्रयोग के कारण उनकी कविता अधिक आकर्षक बन गयी हैं । अरुण कमल द्वारा लिखित काव्य-संग्रह 'अपनी केवल धार' की 'यात्रा' कविता की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य है–

> पंजाब तो बहुत खुशहाल है,निहाल सिंह ?
> सुनते हैं लोग वहाँ दूध और मट्ठे से तर हैं ।।
> (कमल 2012:12)

इन पंक्तियों में कवि अरुण कमल ने 'तर' स्थानीय शब्द या देशज शब्द का प्रयोग किया है । 'तर' का अर्थ होता है डूबना या भिगोना।दूध और मट्ठे से न तो कोई भीगता है और नहीं कोई डूबता है । 'तर' शब्द से

कविकहना चाहते हैं कि पंजाब में दूध और मट्ठे की कोई कमी नहीं है, वहाँ भरपुर मात्रा में दूध और मट्ठा मिलता है । 'तर' के स्थान पर यदि अधिक,बहुत या ज्यादा शब्द का प्रयोग किया जाता तो यह पंक्ति उतनी रोचक नहीं होती जितनी तर शब्द के प्रयोग से हुई है।इस कविता में कवि ने एक और स्थानीय शब्द का प्रयोग किया है जो है 'गसा' । 'गसा' यानी किसी चीज की अधिकता–

दूर अंधकार गहन गसा अंधकार ।।

(कमल 2012:13)

यहाँ कवि ने भयानक अंधकार का चित्रण करने के लिए गसा शब्द का प्रयोग किया है । कवि ने 'यात्रा' कविता में ऐसे पंजाबी मजदूरों के बारे में कहा है जो अपने और अपने परिवार के जीवन निर्वाह हेतु कलकत्ते के कारखाने में काम करते हैं । कवि ने इस कविता में ऐसे स्थानीय शब्दों का प्रयोग किया है, जिससे इन मजदूरों के जीवन में होनेवाले उतार-चढ़ाव उजागर हो जाते हैं –

तलहथियों की आड़ में बगलगीर मुसाफिर ने
सुलगायी माचिस
और उघारती गयी लौ चेहरे के अनगिनत
रहस्य ।। (कमल 2012:12)

कवि ने यहाँ हथेलियों के स्थान पर तलहथि तथा जलायी के स्थान पर सुलगायी जैसे स्थानीय शब्दों का प्रयोग किया है । कवि द्वारा प्रयुक्त इन शब्दों ने कलकत्ते में काम करनेवाले मजदूर की परिस्थिति को हमारे समक्ष उपस्थित किया है । मजदूर हथेलियों की आड़ लेकर माचिस जला रहा है,उसी की लौ में उसके हाव-भाव भी उभरकर सामने आ रही है । उसके हाव-भाव से पता चलता है कि वह गभीर चिंतन में हैं।

'सबूत'काव्य संग्रह की 'भूसी की आग' कविता में कवि ने कहा है –

मिट्टी की बोरसी में धान की भूसी की
थोड़ी सी आग थी
आग के ऊपर
एक-दूसरे के तर-ऊपर
कई जोड़े हाथ थे
अपने को सेंकते
तभी किसी बच्चे ने
लोहे की सींक से आग उकटेरी
और धाह फेंकती लाल आग ।।

(कमल 2012:62)

यहाँ उकटेरी, बोरसी, धाह आदि स्थानीय शब्द हैं । 'धरती और भार' शीर्षक कविता में कवि द्वारा लिखित कुछ पंक्तियाँ देखिए –

भौजी, डोल हाथ में टाँगे
मत जाओ नल पर पानी भरने ।।

(कमल 2012:19)

यहाँ कवि ने 'भौजी' शब्द का प्रयोग किया है । 'भौजी' एक भोजपूरी शब्द है । भोजपूरी में भाभी को भौजी कहा जाता है । इस कविता में कवि ने ग्रामीण इलाकों में होनेवाली पानी की दिक्कत के बारे में कहते हुए नारी की स्थिति के बारे में भी कहा है । एक नारी किस प्रकार घर का सारा काम करने के बाद गर्भावस्था में भी मीलों चलकर पानी भरने जाती है, लेकिन उस नारी की सहायता करनेवाला घर में कोई नहीं।इसी कविता की एक और पंक्ति में कवि ने 'बउआ' शब्द का प्रयोग किया है । 'बउआ' का अर्थ है बच्चा।यह भी भोजपूरी शब्द है ।

ऊपर नीचे दोलेगा पेट
और थक जाएगा बउआ ।। (कमल 2012:19)

इन पक्तियों के द्वारा कवि कहना चाहते हैं कि भौजी जब इतना दूर चलकर पानी भरने जाती है, तब उसके पेट के भीतर जो बच्चा पल रहा है उसे कष्ट होता है ।

कवि अरुण कमल ने अपनी कविता 'ओह बेचारी कुबड़ी बुढ़िया' में 'पतोहू' शब्द का प्रयोग किया है । 'पतोहू' यानी 'पुत्र की पत्नी' । यह भी एक भोजपूरी शब्द है । कवि ने इस कविता के माध्यम से एक ऐसी वृद्ध महिला का चित्रण किया है जो बेटा और बहू होने के बाद भी दिनभर कष्टपूर्ण काम करके अपना जीवन निर्वाह करती है । वह कोयला तोड़ती है, कपड़ा धोती है, दूसरो के घर जाकर बर्तन माँजती है, तेल मालिस करती है । इतना काम करने के बाद भी घर में उसका कोई आदर-सम्मान नहीं है । बेटा और बहू माँ को वृद्धावस्था में सहारा देने के बजाय उससे झगड़ा करते हैं । इसी दुख के कारण बैठे-बैठे ही उसकी मृत्यु हो जाती है–

घर आयी फिर चूल्हा जोड़ा
और पतोहू से भी झगड़ी ।।
(कमल 2012:30)

'सबूत' काव्य-संग्रह की 'फिर भी' शीर्षक कविता की कुछ पंक्तियाँ इसप्रकार है–

मैंने देखा साथियों को
हत्यारों की जै मनाते ।। (कमल 2004:72)

यहाँ कवि ने 'जै' शब्द का प्रयोग किया है, 'जै' शब्द का शुद्ध प्रयोग 'जय' है । उच्चारण की सुविधा के लिए लोग सामान्य बोलचाल की भाषा में जय के स्थान पर जै बोलते हैं ।

'अपनी केवल धार' काव्य संग्रह की ही एक और कविता 'दरजिन' में कवि द्वारा प्रयोग किए गए कुछ स्थानीय शब्द हैं –

बेबियों का गरारा जम्पर समीज
आपका ब्लाउज
सब कुछ सीती हूँ बीबी जी ।।
(कमल 2012:40)

यहाँ गरारा, जम्पर आदि स्थानीय शब्द है। 'दरजिन' कविता की ही कुछ अन्य पंक्तियों में भी हम स्थानीय शब्द देख सकते हैं –

यह नहीं कि उनसे कम आपसे जादे
जी ?इससे कम ? गुजारा नहीं होगा बीबी जी
सोचिए केतना काम है ।। (कमल 2012:40)

इन पंक्तियों में 'जादे', 'केतना' आदि स्थानीय शब्द या देशज शब्द हैं।

'एक नवजात बच्ची को प्यार'शीर्षक कविता में कवि ने बेटी के जन्म होने पर घर की स्थिति कैसी होती है उसीका चित्रण किया है। घर में जब बेटे का जन्म होता है तो लोग खुश होते हैं, नाचते-गाते हैं, मिठाईयाँ बाँटते हैं। लेकिन जब बेटी का जन्म होता है तो सब दुखी होते हैं। बेटी के जन्म के पश्चात घर के माहौल का वर्णन करते हुए कवि ने कुछ स्थानीय शब्दों का प्रयोग किया है–

क्या हुआ जो तुम्हारी दादी ने बधावे नहीं दिए
और उनका यह आँगन पँवरियों की ढोलकों से आबाद नहीं हुआ ।। (कमल 2012:48)

यहाँ 'बधावे' का अर्थ है बधाई देना और 'पँवरिया' का अर्थ होता है 'किन्नर'। अर्थात् पोती के जन्म के कारण दादी ने किसी को बधाई नहीं दी तथा किन्नरों द्वारा घर के आँगन में ढोलक बजाते हुए नाच-गाना भी नहीं किया गया।

'सबूत' काव्य-संग्रह की 'जीवधारा' शीर्षक कविता में कवि ने कहा है –

कभी-कभी बथान में गौएँ करवट बदलती हैं
बैल जोर से छोड़ते हैं साँस
अचानक दीवार पर मलकी टॉर्च की रोशनी
कोई निकला है शायद खेत घूमने ।।
(कमल 2004:12)

यहाँ कवि ने 'बथान', 'गौएँ', 'मलकी' आदि स्थानीय शब्दों का प्रयोग करते हुए पाठकों के समक्ष एक स्थानीय परिवेश का चित्रण करने का प्रयत्न किया है। सामान्य तौर पर बथान के स्थान पर चाराघर, गौएँ के स्थान पर गाय, मलकी के स्थान पर चमकी आदि का प्रयोग किया जाता है।

कवि की 'जेल का अमरूद' नामक कविता की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य है –

तो अभी-अभी फूल से उठा ही था फल
हरा कचूर ।। (कमल 2004:15)

यहाँ 'कचूर' शब्द का प्रयोग कवि ने किया है। कचूर का प्रयोग कवि ने गहराई या अधिकता को दर्शाने के लिए किया है चाहे वह हरेरंग की अधिकता हो या कच्चेपन की ही गहराई हो। 'अपनी केवल धार' काव्य संग्रह की 'मई का एक दिन' शीर्षक कविता की एक पंक्ति द्रष्टव्य है –

खून और घावों से पटा शरीर ।।
(कमल 2012:17)

यहाँ कवि ने 'पटा' शब्द का प्रयोग किया है। पटा यानी भरा हुआ। शरीर पर खून और घावों इतने हैं कि ऐसा लगता है मानो खून और घावों से ही शरीर पूरा भरा है। लेकिन यदि कवि पटा के स्थान पर भरा हुआ शब्द का प्रयोग करते तो यह पंक्ति साधारण सी ही लगती।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि अरुण कमल की कविताओं में प्रयुक्त स्थानीय शब्द कविताओं को ऊर्जा प्रदान करते हुए अधिक आकर्षक बनाती है। स्थानीय शब्दों के प्रयोग के कारण उनकी कविताओं में एक नयापन आया है। यह स्थानीय शब्द सम्पूर्ण अर्थ को व्यक्त करने में सक्षम है। यह कवि अरुण कमल की खासियत है कि उनके द्वारा प्रयुक्त स्थानीय शब्द पाठक के समक्ष पूरे स्थानीय माहौल को प्रस्तुत कर देते हैं। अरुण कमल की कविताओं में प्रयुक्त सभी स्थानीय शब्द कवि की भाषिक सजगता तथा संरचनात्मकता का परिचय देती है।

संदर्भ ग्रंथ-सूची :

कमल, अरुण. अपनी केवल धार. नई दिल्ली: वाणी प्रकाशन, 2012.

कमल, अरुण. सबूत. नई दिली: वाणी प्रकाशन, 2004.

सम्पर्क सूत्र :

शोधार्थी, हिंदी विभाग

गौहाटी विश्वविद्यालय

दूरभाष : 7637856100

ई-मेल : rubimoni345@gmaii.com

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5,अंक:8;जनवरी-जून, 2024

भारतीय सिनेमा में नारी (हिंदी और असमीया सिनेमा के संदर्भ में)

अनन्या दास

सिनेमा और साहित्य दोनों ही समाजका दर्पण स्वरूप है। समाज में जो घटनाएँ घटित होती हैं, वे सभी सिनेमा नहीं तो साहित्य में परिलक्षित होती ही हैं। सिनेमा में तो दृश्य और श्रव्य दोनों रूपों मेंही परिलक्षित होती हैं । वस्तुत: सिनेमा समाज को उसकी वास्तविक छवि दिखाकर उसे उसकी अच्छाइयों एवं बुराइयों से अवगत कराता है।

'सिनेमा' को हिंदी में चलचित्र कहा जाता है । साधारण भाषा में सिनेमा शब्द सपने, आकांक्षा, जीवन, मनोरंजन, बदलावों को दर्शाता हैं। सिनेमा और समाज दोनों एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। भारतीय सिनेमा के पितामह दादासाहब फाल्के ने सन् 1913 में अपने पहले सिनेमा 'राजा हरिचन्द्र 'में पुरुष द्वारा स्त्री की भूमिका करवाने के बाद अब तक भारतीय सिनेमा ने लंबी दूरी तय कर ली है। एक समय था जब सिनेमा को स्त्री के लिए उचित तथा सम्मान जनक नहीं माना जाता था । जबकि सिनेमा की लोकप्रियता, पैसा, शोहरत आदि को आज भी महत्व दिया जाता है। सौ साल बाद आज इसमें कुछ परिवर्तन भी आए हैं, लेकिन आज भी स्त्री को कितना सम्मान दिया जाता है यह शोध का विषय हो सकता है। उस समय में 'अपुर संसार' नामक सिनेमा करनेवाली शर्मिला टैगोर को स्कूल छोड़ने के लिए कहा गया था, क्योंकि तब माना गया था कि उनके सिनेमा करने के कारण अन्य लड़कियों में विपरीत प्रभाव पड़ने लगा था। लेकिन अब स्थिति बहुत बदल गयी है। अब सिनेमा जगत में कदम रखना एक गौरव का विषय बन गया है । सिनेमा को अब एक व्यवसाय के रूप में माना जाता है और इस व्यवसाय में लड़का हो या लड़की सभी जुड़ना चाहते हैं।

भारतीय सिनेमा उद्योग विश्व में सबसे बड़ा उद्योग माना गया है। सौ वर्ष की हमारी यह भारतीय सिनेमा में नारी चेतना का स्वर प्रखरता से गूंज उठती है। चेतना परिवेशगत दबावों से उत्पन्न मूल्यपरक इकाई है और

असंतोष, जिज्ञासा दृष्टि उसके मूल घटक है। परंपरा से अलग प्रयत्न करनेवाली नारियों का संसार सिनेमा में प्रत्यक्ष हुआ है। हिंदी सिनेमा की पहली महिला निर्देशिका और मुक फिल्मों की नायिका फातिमा बेगम, तो 'आलमआरा' की जुबेदा बेगम सस्वर फिल्मों की पहली नायिका का गौरव प्राप्त कर चुकी है। तब सेकई नारी पात्र सिनेमा के पर्दे पर प्रत्यक्ष हुईं ।

समाज में समय के साथ संरचना एवं प्रवृत्तियों में लगातार बदलाव होते रहते हैं। इन बदलावों को सिनेमा बखूबी सिल्वर पर्दे पर प्रस्तुत करते हैं। महिलाएँ प्रत्येक समाज का महत्वपूर्ण अंग है। अपनी शुरुआती दिनों से ही हिंदी सिनेमा ने समाज में महिलाओं की स्थिति व उनकी समस्याओं और उनसे जुड़ी कुरीतियों को सिल्वर पर्दे पर उतारकर उन्हें समाज के सामनेचिंतन हेतु प्रस्तुत किया है । कुछ सिनेमाओं ने भारतीय समाज में नारी की वास्तविक स्थिति को सामने लाने का सराहनीय कार्य कियाहै । 'समाज की भूल' (1934), 'इंदिरा एम. ए' (1934), 'देवदास' (1935), 'बालयोगिनी' (1936), 'अछूतकन्या' (1936), 'दुनियाना माने' (1937), 'आदमी' (1939) आदि इसके प्रमुख उदाहरण हैं । 'समाज की भूल' में विधवा पुनर्विवाह के अधिकार का समर्थन किया गयाहै । वस्तुत: इस दौर की फिल्मों ने नारी जीवन से संबंधित विविध समस्याओं तथा बाल-विवाह, बेमेल विवाह, पर्दा प्रथा, अशिक्षा आदि पर अपने को केन्द्रित किया गया है।

स्वतंत्रता के पश्चात हिंदी सिनेमा में नारी के संदर्भ में कुछ और भी परिवर्तन मिलते हैं। वस्तुत: उस समय के समाज में नारी को लेकर जो भी नई विचारधारा उभरकर सामने आ रही थी, उसी का प्रतिफलन हिंदी सिनेमा भी कर रहा था। उस समय सिनेमा में नारी को अति दुर्बल रूप में चित्रित किया गया था।

पाश्चात्य की तुलना में हिंदी सिनेमा में विविधता, गंभीरता, वास्तविकता,साहस वैसे कम पाया जाता है। व्यावसायिकता के चलते सिनेमा पैसा और व्यापारकी भावना से जुड़ गया है। परंपरागत नारी विषयक भावनाओं कोछूने वाले विषयों परभी फिल्में बनी हैं । जहाँ नारी की प्रतिमा कोमल नहीं; बल्कि पुरुष से अधिक सामर्थवाली, पारिवारिक ज़िम्मेदारी उठानेवाली है । जनप्रिय हिंदी सिनेमा 'मदर इंडिया' (1957) की राधा ऐसी कृषक स्त्री है, जो पति के मृत्यु के पश्चात बच्चों को संभालते हुए भाग्य को खुद बनाती है, अत्याचार करने वाले अपने बेटे को स्वयं मारती है। 80 दशक की पारिवारिक फिल्मों

में परंपरागत स्थिति के विरुद्ध विद्रोही एवं परिवर्तनवादी नारी का चित्रण होने लगा। बहिर्विवाह के सम्बन्धों पर आधारित 'अर्थ' (1982) नारी जीवन के आंतरिक संघर्ष को प्रस्तुत करता है। घर का सपना देखनेवाली पूजा का पति इंदर मानसिक रूप से अस्थिर कविता के लिए उसे छोड़ देता है। 'एक चादर मैली सी' (1986) फ़िल्म परम्पराओं से उभरनेवाली नारी समस्या को दर्शाती है। ग्रामीण रानो दो बच्चों के बावजूद दहेज के लिए सास से प्रतड़ित है, शराबी पति से पीटती है।

20वीं सदी में जिस तरह बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में आंचलिक रूप में भारतीय सिनेमा का निर्माण तथा प्रचार चल रहा था, उसी समय असमीया सिनेमा का निर्माण का काम चल रहा था, लेकिन असमीया सिनमाका इतिहास इनसे अलग था। ज्योतिप्रासाद अग्रवाल ने सन 1935 में 'जयमती' नामक प्रथम असमीया सिनेमा का निर्माण किया था और जयमती का निर्माण सबाक शैली सेकिया गया था। इससे ही हमें ज्ञात होता हैं कि असमीया सिनेमा प्रारम्भ से ही सबाक रूप में था। सबाक को असमीया भाषा में 'कथाछवि' कहा जाता है, कथा अर्थात् बात-चीत और छवि का अर्थ है-सिनेमा। ठीक उसी तरह विषय शैली की दृष्टि से भी असमीया सिनेमा अन्य भाषाओं के सिनेमा से अलग था, क्योंकि उस समय मराठी, बांग्ला, तामिल और तेलेगु भाषा के सिनेमाओं में विषय के रूप में सिर्फ पौराणिक तथा आध्यात्मिक कहानियों का ही प्रयोग होता था और वहाँ दूसरी तरफ प्रथम असमीया सिनेमा की कहानी समाजकेंद्रिक तथा ऐतिहासिक थी। यह सिनेमा असमीया समाज जीवन की प्रतिच्छवि स्वरूप है। भारतीय सबाक सिनेमा जगत में दक्षिण के सिनेमा 'भक्त प्रह्लाद' (1931) हो या मराठी सिनेमा 'अयोध्यानरेश' (1932) हो, उसी समय सबाक सिनेमा जगत में असमीया सिनेमा जयमती ने एक अलग दिशा दिखाई। 'जयमती' निर्माण के समय ज्योतिप्रसाद अग्रवाल रूस के वास्तवमुखी चलचित्र चर्चा से प्रभावित थे।

'जयमती सिनेमा' से असमीया सिनेमा जगत ने वर्णिल यात्रा अतिक्रम किया है। 'जयमती' सिनेमा से ही असमीया सिनेमा जगत में नारिकेन्द्रिक सिनेमा का आरंभ हुआ था। नारी की मानसिक अवस्था, उनके आवेग, अनुभूति को लेकर काफी असमीया सिनेमाओं का निर्माण हुआ है। इसके कुछ उदाहरण हैं – 'जयमती' (1935), 'इंद्रमालती' (1939), 'अपरूपा' (1987), 'फिरिङति' (1992), 'लाज' (2004) आदि।

'जयमती' सिनेमा में नायिका जयमती अपने पति के प्रति जो अपनापन, प्रेम और जिम्मेदारी रखती थी, उसका प्रतिफलन हुआ है । जयमती की कहानी 17वीं शताब्दी के इतिहास के एक अध्याय को केन्द्रित करके लिखा गया था। आहोम शासन के बारें में इस सिनेमा में देखा जा सकता है । लरा राजा अर्थात् किशोर राजकुमार जब शासन संभालता है, तब राज्य के सभी पुरुष, जो राजाबनने के काबिल हैं, उनके शरीर में कुछ छोट पहुचाने का आदेश देता है, जिससे वे भविष्य में राजा नहीं बन पाएंगे । उनके सिपाहियों से बचने के लिए जयमती अपने पति गदाधर सिंह को दूसरी जगह भेज देती है और चौदह दिनों तक अत्याचार सह कर भी अपनी पति का पता नहीं देती है और अन्त में उसकी मृत्यु हो जाती है। 'जयमती' सिनेमा की मूल नायिका थी आइदेउ संदिकै। इस सिनेमा को करने के बाद आइदेउ संदिकै को अपने गाँव से अलग कर दिया गया था और उनसे किसी ने शादी भी नहीं की थी । 'इंद्रमालती' सिनेमा एक प्रेम कहानी है। इस सिनेमा में नायक के साथ-साथ नायिका मालती को भी प्रधानता मिली है। ज्योतिप्रसाद अग्रवाल पहले फिल्म निर्माता थे, जिन्होंने नायक-नायिका के नाम से सिनेमा का नामकरण किया था । 'अपरूपा' सिनेमा में नायिका को समाज की कुरीति से मुक्त करने का प्रयास किया गया है । 'फिरिङति' सिनेमा में नायिका रूनू ने अशिक्षित होने के बाद भी अपने कर्म से अपनी पहचान बनायी है और समाज के नियमों में परिवर्तन लाती है।

उपरोक्त विश्लेषण से हमें पता चलता है कि हिंदी तथा असमीया सिनेमा ने भारतीय नारी की सामाजिक स्थिति को काफी अच्छी तरह से सिल्वर पर्दे पर उतारा है । वस्तुत: सिनेमा ने समाज के परिवर्तनशील स्वरूप को तथा नारी की परिवर्तन को भी बरकरार रखा है। इसी तरह आने वाले दिनों में भी सिनेमा समाज तथा नारी के प्रति हमारे दृष्टिकोण को सुलझाते रहे और आने वाले दिनों में समाज के विषयों को और प्रासंगिक बनाकर रखें।

सहायक ग्रंथ :

कोरे,सुलभा.भारतीय समाज हिंदी सिनेमा और स्त्री.अंतिका प्रकाशन,2021

गुप्त,डॉ. चंद्रभूषण'अंकुर'.सिनेमा और समाज. शशि प्रकाशन.2012

संपर्क-सूत्र :
शोधार्थी,
हिंदी विभाग, असम विश्वविद्यालय,
दीफू परिसर
दूरभाष : 8638618390

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5, अंक: 8; जनवरी-जून, 2024

असम की राभा जनजाति के वाद्ययंत्र

बरषा राभा

पूर्वोत्तर भारत का एक प्रधान राज्य है असम। असम विभिन्न जाति-जनजातियों की मिलनभूमि रही है। भिन्न जातियों की भिन्न-भिन्न कला-संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, भाषा आदि ने असम के सौन्दर्य को अनन्य मात्रा प्रदान किया है। यहाँ की प्रत्येक जनजाति स्वकीय संस्कृति में अपना स्थान अलग रखती है। राभा जनजाति असम की प्रमुख जनजातियों में एक है। राभा जनजाति नृत्य-गीत जैसी प्रदर्शन कलाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। नृत्य और गीत का अभिन्न अंग है- वाद्ययंत्र। इस दिशा में राभा जनजाति का स्वतंत्र और अलग पहचान है।

हृदयानुभूतियों को प्रकट करने का प्रधान माध्यम है गीत। गीतों के माध्यम से मनुष्यों के मन की बात, प्राणों की अनुभूति की अभिव्यक्ति होती है। वाद्य गीतों का सौष्ठव बढ़ाने में प्रधान भूमिका निभाते हैं। वाद्य ही गीतों का ताल रक्षा करके मधुर और लालित्यपूर्ण बनाने में सहायक बनते हैं। इसलिए गीत और वाद्ययंत्र के बीच एक गंभीर संबंध है। जहाँ गीत होते हैं, वहाँ वाद्ययंत्र जरूर रहते हैं। प्रत्येक जाति के जीवनयापन करने की पद्धति अलग-अलग होती है। मनुष्यों के जीवन के प्रत्येक भाव और विचार,सुख-दुःख, अनुभूति का गहरा संबंध सामाजिक रीति-नीति और उत्सव-त्योहारों से है। जिन्दगी के खट्टे-मीठे अनुभवों को लोग नृत्य-गीत के द्वारा अभिव्यक्त करते हैं। किसी भी जाति को जानने-परखने का सबसे महत्वपूर्ण जरिया है उस जाति की लोक-संस्कृति।

राभा जनजाति की संस्कृति की ओर देखे तो उनके विविध उत्सव, खेल-कूद, पूजा-अर्चना, जन्म-मृत्यु, विवाह, श्राद्ध कर्म आदि सभी को अलग-अलग रीति-रिवाजों, परम्पराओं के साथ पालन किया जाता है। प्रत्येक कार्यक्रम में नृत्य-गीत की अनिवार्यता देखी जाती हैं। नृत्य-गीतों के साथ वाद्ययंत्र की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। राभा

जनजाति के वाद्ययंत्र को प्रधानतः चार भागों में विभक्त किया जाता हैं- 1. अनवद्ध वाद्य,2. घन वाद्य, 3.सुषिब वाद्य और 4. ओत वाद्य।

1. अनवद्ध वाद्यः इन्हें मिट्टी,बाँस, लकड़ी अथवा किसी धातु से निर्मित किया जाता है। जैसे-

(क) खाम, हेम या ढाक (ढोल जैसे) : गमारि, पमाजिया, निउरि चेङ, घोड़ा निम, कटहल आदि पेड़ों की लकड़ी से 2-2.5 मीटरलम्बा,एक ओर 7-8 इंच बड़ा, दूसरी ओर 4-5 इंच बड़ा माप में एक ओर बकरी की खाल, दूसरी ओर हिरन की खाल लगाकर, बेंत के दोवानों (दोनों ओर से खींचने की डोरी) को जोड़कर खाम, हेम या ढाक तैयार किया जाता है।

(ख) छोट ढाक या ढोल (बिया ढोल) : यह वाद्य 1-1.5 मीटर लम्बा और बड़े पेड़ों के टूकरों को काटकर, दोनों ओर बकरी के चर्म और बेंत के दोवान खींचकर बनाया जाता है।

2. घन वाद्य यंत्र : कठिन धातु से निर्मित ताल जैसा वाद्य यंत्र।

(क) दायदि/ तेंतक (तेंबाति) : काँसा या पीतल द्वारा इसे निर्मित किया जाता है। राभा लोक-नृत्य करते समय गीतों के ताल सही रखने के लिए यह वाद्य बजाया जाता है।

(ख) खुति ताल : यह काँस या पीतल से निर्मित एक वाद्य है। राभा जनजाति के श्राद्ध कर्म में मृतक की आत्मा की सद्गति के लिए इस वाद्य को बजाया जाता है। 'मारै पूजा'में ओजापालि नृत्य की ताल पर इसे बजाया जाता है।

3. शुषिब वाद्यः इसके अंतर्गत बंशी, पेपा, शिङ जैसे वाद्य आते हैं।

(क) छिंगा या छिङ : इस यंत्र को भैंस के शिंग से तैयार किया जाता है। पूजा के समय, नृत्य-गीत गाते समय, कई लोगों के साथ बिल

अथवा नदी में मछली पकड़ने जाने से पहले, किसी सभा की सूचना देने के लिए, गाँव में किसी संकटकाल आते समय गाँववालों को सावधान और सतर्क करने के लिए, युद्ध में जाते समय इस वाद्य को बजाया जाता है।



(ख) मुख ब्रांछि(मुख बंशी) : जाति बाँस अथवा नल (ईख) बाँस द्वारा एक हाथ लम्बा करके बनाया गया एक बंशी। इस बंशी के छः छेद होते हैं।

(ग) कारानल या कारा ब्रांछि : यह बंशी 5/6 फीट लम्बे नल बाँस से तैयार किया जाता है। बाँस की गांठों को छड़ी से खोला जाता है। फूंकने के लिए बाँस के सामने से गांठे काट दी जाती है और दूसरी तरफ ध्वनि की गहराई बनाई रखने के लिए 6 इंच के गांठदार बाँस की छड़ी लगाई जाती है। इस वाद्य यंत्र को हर कोई नहीं बजा सकता, यदि आप तकनीक सीखेंगे तो ही इसे बजाने में सक्षम हो सकते हैं।

(घ) झापकारा ब्रांछि : इस प्रकार की बासुरी को बाँस के छोटे से लेकर बड़े व्यास के टुकड़ों को एक विशेष तरीके से जोड़कर कारानल जैसे ही बनाई जाता है। यहाँ तक कि इस झापकारा को कारानल बजानेवाले भी नहीं बजा सकते, इसे बजाने का एक अलग तरीका है। कारानल की तरह इसमें कोई छेद नहीं होता। यदि बाँस को मजबूती से जोड़ा नहीं जायेगा तब यह वाद्ययंत्र नहीं बजेगा।

(ङ) लाखर ब्रांछि : ये लाखर बंशी आमतौर पर देव बाँस से बनायी जाती है। लगभग 2/1.5 फीट लंबे बाँस के टुकड़े को बाँस की त्रिज्या के

छोटे या छोटे हिस्से पर कुछ गांठ लगा दी जाती है । बड़े त्रिज्यावाले सिर की गांठ को काट दिया जाता है और टुकड़े के ठीक बीच में एक छेद कर दिया जाता है । यहाँ केवल एक ही गाना बजाया जा सकता है - 'लाखर गरु मिल ओ माटि आनछूराय ओ गुइ'.....

(च) सुतलि या नाला गुंलाय : यह बासुरी की तरह लगभग 4/5 इंच चौड़ी मिट्टी या केकड़े की मिट्टी से बना होता है । यहाँ तीन छेद किए जाते हैं । चरवाहा इस वाद्ययंत्र को बजाता है ।

(छ) बुबुरेङा या बुबुरिङा : 'बताबन' या 'तङाबन' की एक शाखा को लगभग आधे हाथ में काटा जाता है । जब इसे एक तरफ से छेदकर फूंका जाता है, तो इससे मधुर 'रौ-रौ' ध्वनि निकलती है ।



4. तत वाद्य : तारों से निर्मित वाद्य यंत्र

(क) बादुंदुप्पा - बड़ा नल (ईख) बाँस से बना हुआ एक वाद्य । बाँस के ऊपरी भाग से बाँस के एक टुकड़े पर दोनों तरफ गांठें लगाकर दो तार बनाए जाते हैं, हालाँकि इन्हें दोनों तरफ की गांठों से छोड़ना नहीं पड़ता है । फिर दोनों तारों के नीचे बाँस के टुकड़े के ठीक बीच में 1.5/2 इंच का एक चौकोर छेद बनाया जाता है और तारों को एक साथ पकड़ने के लिए छेद को दोनों सिरों पर बाँस की शीट काटकर ढक दिया जाता है । इस वाद्य यंत्र का उपयोग प्राचीन काल में पुजारियों द्वारा मंत्र पाठ करते समय होता था ।

(ख) गमेना : यह वाद्य यंत्र बाँस या किसी धातु से बनाया जाता है। इसे मुँह से बजाया जाता

है। इसे बजाने में ऊंगली, जीभ और मुँह की विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है।

राभा जनजाति की संस्कृति पर चर्चा करते समय सबसे पहली बात जो दिमाग में आती है वह है उनके त्योहार, खेल, विवाह, श्राद्ध कर्म, नृत्य-गीत, वाद्य आदि। इनके बिना उनकी संस्कृति का स्वरुप निर्धारित करना कठिन है। बाजार में कई तरह के संगीत वाद्य यंत्र उपलब्ध हैं, फिर भी किसी जाति या जनजाति के लोकवाद्य हमेशा से ही विशेष भूमिका निभाते आ रहे हैं। गीत-वाद्य के बिना संस्कृति अधूरी और रसहीन हो जायेगी।

संदर्भ-सूचीः

राभा, मणि. राभा संस्कृतिर धारा. द्वितीय. दुधनै: बाण्ठों लाइब्रेरी,2005

राभा, मणि. प्रबंध संग्रह. प्रथम. दुधनै : बाण्ठो लाइब्रेरी, 2006

राभा, धनन्जय. राभा जनजातिर चमु इतिहास. प्रथम. गुवाहाटी: बह्निमान प्रिण्टार्ड्स, 1998

रंख, कुशध्वज (संपा). राभा समाजर सामाजिक आइन आरु दण्डबिधि.

Rabha, Rajen. The Rabhas. First. Panbazar : Cambridge India, 2010

संपर्क सूत्र :

अतिथि प्राध्यापक

हिंदी विभाग, छयगाँव महाविद्यालय

ई-मेल :barasha2018@gmail.com

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5, अंक: 8; जनवरी-जून, 2024

सीमा-रेखा

सारा राय

एकदम से वह दरवाज़े से बाहर निकली. दूर से आयी हुई कोई प्रवासी चिड़िया.

"अगर मैं तुम्हें न पहचानूँ तो बुरा मत मानना!" उसने आते ही कहा.

सफ़ेद दरवाज़ा मैला होकर सफ़ेद नहीं रह गया था. सफ़ेद दरवाज़ा सफ़ेद नहीं था, मगर उसके ऊपर रंगा बड़ा सा लाल गोला लाल था. मुन्नी ने दरवाज़ा बंद किया तो उसके दोनों पट आकर मिल गये. गोला तब आधा नहीं, पूरा दिखने लगा. मुझे वह याद था. चालीस साल में उसका रंग फीका नहीं पड़ा था. यह बीचवाले गोल कमरे का मुख्य दरवाज़ा था. कमरे के दोनों तरफ़ दो छोटे दरवाज़े भी थे. उनपर भी लाल गोलाबना था, थोड़ा छोटा और दरवाज़े के बाहर वह धूल भरा सीमेंट की फ़र्श वाला बरामदा, जहाँ बैठकर मुन्नी की मैया उसके चेहरे पर मलाई रगड़ती थीं, कि इस तरह वह गोरी हो जायेगी. मुन्नी का रंग पक्का था, बिल्कुल नहीं बदला था.

उसकी ख़ाली ख़ाली सी आँखें मेरे चेहरे पर आकर ठहरीं. लम्बा सफ़र करने के बाद अंदाज़ा लगा रही हों, कि कहाँ पहुँची हैं. उसके बराबर के पीले दाँतों पर कलौंछ छा गयी थी. नीचे वाली क़तार में दो दाँत ग़ायब थे. एक काली सी अनुपस्थिति, जो कि दाँतों के आकार की गुफ़ा जैसी लगती थी. उसके कत्थई होंठ बीच से हल्के गुलाबी होकर, एक छोटी सी चोंच में मिल गये थे. मुझे फिर प्रवासी चिड़िया का ख़्याल आया. चिड़िया का नाम फ़िलहाल याद नहीं आ रहा था. उसका शरीर सिकुड़कर और छोटा हो गया था, जबकि मुझे पहले से ही वह छोटी सी याद थी.

"मुझे माफ़ करना. मेरी याददाश्त गड़बड़ा गयी है." क़रीब आकर उसने अपनी बाँह मेरी बाँह में फँसा ली. वह मुश्किल से मेरे कंधे तक आती थी.

"मगर तुम्हें तो मैं जानती हूँ," फिर उसने ख़ुशी से कहा.

"मुझे बहुत पुरानी बातें याद रहती हैं, जबकि मैं कल की, पिछले घंटे की बातें भूल जाती हूँ. मेरा इलाज चल रहा है."

मेरा ध्यान बार बार उसके ग़ायब दाँतों पर चला जाता था. पिछली बार जब हम मिले थे, तब भी उसने ठीक यही कहा था.

"माफ़ करना अगर मैं तुम्हें न पहचानूँ. मेरी याददाश्त गड़बड़ा गयी है. मगर तुम्हें तो मैं जानती हूँ!"

वह बीस साल पहले था.अपने घर के सामने वह रिक्शे से उतर रही थी. एक पीली सी इमारत, जिसकी दीवारों पर काई की काली काली झाईं छा गयी थी. फाटक के दोनों खम्बों पर नुकीले दाँत दिखाते हुए पत्थर के शेर. इमारत की ऊँची दीवार पर, लगभग छत के ही पास गहरे, अंधे रौशनदान थे. बरसों से उनके शीशों पर दाग़ लगते लगते उनका रंग बदल गया था. वे पीले पड़ गये थे. ज़्यादा रौशनी अन्दर नहीं जाती होगी. इस घर में कभी जूनागढ़ के राजकुमार रहा करते थे. राजकुमार पढ़ाई करने के लिये इलाहाबाद विश्वविद्यालय आये थे. इसी घर में रहकरबी. ए. की पढ़ाई पूरी कर लेने के बाद, वे अपने प्रदेश वापिस चले गये थे. मुन्नी के पिता को राजकुमार ने घर की देखरेख करने के लिये नियुक्त किया था. राजकुमार के जाने के बाद उन्होंने घर का क़ब्ज़ा नहीं छोड़ा, मगर उसकी सफ़ाई सुथराई में ढीले पड़ गये. इस लापरवाही का नतीजा उन दिनों ही दिखता था. अब घर कुछ और ज़्यादा ढह गया था.

"माफ़ करना अगर मैं तुम्हें न पहचानूँ. मेरी याददाश्त गड़बड़ा गयी है. मगर तुम्हें तो मैं जानती हूँ!" रिक्शे से उतरकर उसनेकहा था.

कुछ नहीं बदला था. छत की खपरैलें बस थोड़ी और खिसक कर टूट गयी थीं. घर तक जाते हुए कंकरीले रास्ते के किनारे अब भी वह ठिगने से खम्बे मौजूद थे, जिनका मसरफ़ कभी समझ में नहीं आया. उसी रास्ते पर हम टहला करते, एक खम्बे से दूसरे खम्बे तक,आगे पीछे आगे पीछे, मख़मली काई से ढकी चार दीवारी के बग़ल में. वे खम्बे, क़रीब दो फ़ुट की ऊँचाई और उनके सिर पर बिल्कुल गोल, फ़ुटबाल नुमा पत्थर, आधी शताब्दी गुज़रने के बाद भी वैसे ही थे. अपनी निश्चलता के सदा रुके हुए पल में जैसे एकाएक अभिशप्त. बरसों तक असर करता हुआ शाप, जिसने उन्हें पत्थर की बूढ़ी जादूगरनियों में बदल दिया था, अनचक्के में अपने ही उलटे जादू की कोसी हुई. सड़ते अमरूदों की नशीली गन्धचारों तरफ़ फैलकर हमारी नाक में बस जाती. पेड़ों के नीचे पीले पके अमरुद बिछे रहते, जिनके ऊपर चमकदार हरे रंग की मक्खियाँ और भुनगे छोटे-छोटे विमानों की तरह भुनभुनाते.

टहल-टहल कर हम स्कूल की बातें करते. मुन्नी मेरे साथ उसी स्कूल में, उसी कक्षा में तो पढ़ती ही थी, हमारे घर भी अगल बग़ल थे. उसका स्कूल का नाम संगीता था, मगर वह मुन्नी ही कहलाती थी. वह छोटी सीथी भी. हम इलाहाबाद के एक मिशनरी स्कूल में पढ़ते थे, जहाँ के अधिकतर क्लास जर्मनी या केरल से आयी, सफ़ेद चोग़ा पहने, कोई न कोई कैथोलिक 'नन' लेती थीं. मेरे भाई और अशोक हमारे स्कूल के 'ब्रदर' स्कूल में पढ़ते थे. अशोक मुन्नी का भाई था. 'नन' अध्यापिकाओं को हम उनके दर्जे के हिसाब से, 'सिस्टर' या 'मदर' कहते. उनके क़िस्से सुनाकर मुन्नी इतना हँसती कि हँसी की वजह से समझ में नहीं आता कि वह क्या कह रही है.

उसने उनके रहने वाले कमरे के बाहर, अलगनी पर टँगा एक बहुत बड़े साइज़ का अंदर पहनने वाला ब्रासियर देखा था. उसने 'ब्रा' के बारे में बताया, तो ब्रा के अंदर छुपे हुए अंगों का हमें ध्यान आ गया कि एक 'नन' के शरीर में भी यह अंग होते हैं. पता नहीं क्यों इस बात से हम आश्चर्यचकित हो गये. मगर हँसी भी बहुत आयी. उन दिनों हमें हर चीज़ पर हँसी आती थी.मुन्नी हँसती तो उसकी गोल बटन जैसी नाक सिकुड़कर ऊपर चढ़ जाती. आँखें चमकने लगतीं. काले रंग के रिबन से बँधी उसकी कंधे तक आती दो पतली-पतली चोटियाँ हिल हिल कर उसकी हँसी का समर्थन करतीं. स्कूल में 'पी.टी.' का क्लास ख़तम होने पर, अपने सफ़ेद कैनवस के जूते पहने, हम देर तक मौलश्री के पेड़ों के नीचे, ख़ामोशी से एक दूसरे के पैर पर चढ़कर उन्हें दबाने का खेल खेलते. सफ़ेद जूते मिट्टी के रंग के हो जाते. स्कूल में सब मौलश्री को 'चोकी प्लम' कहते थे.

मुन्नी के घर के बाहर वही मामूली सी सड़क अब भी थी. सड़क ज़्यादा चलने लगी थी. भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा सड़क के उस पार खुल गयी थी. मोटर और स्कूटर की तादाद बढ़ गयी थी, रिक्शों की घट गयी थी. मैंने देखा कि फाटक के दाहिने तरफ़ जहाँ बैडमिंटन कोर्ट हुआ करता था, अब हरी घास की पट्टी थी. तब, जब बैडमिंटन कोर्ट था, बैडमिंटन खेलने की इतनी हड़बड़ी रहा करती, कि कभी कभी स्कूल का ड्रेस बदले बग़ैर ही मैं खेलने पहुँच जाती. रैकेट से मारने पर बैडमिंटन की सफ़ेद पंखों से बनी चिड़िया हवा में तैरती हुई कोर्ट की दूसरी तरफ़ जाकर गिर जाती. जब वह हवा में रहती तो मुझे लगता कि वह कोर्ट के दूसरी तरफ़ नहीं,पंख फैलाकर उड़ती हुई कहीं दूर चली जायेगी. मुन्नी के घर के ठीक सामने, सड़क के

उस पार आस्था अस्पताल भी खुल गया था. सुबह से अस्पताल के सामने मरीज़ों की लाइन लग जाती. कभी सफ़ेद चादर ओढ़े हुए लोग स्ट्रेचरपर लेटे बाहर खड़ी एम्बुलेंस के अंदर किये जाते, या अंदर से बाहर निकाले जाते. लगता कि बस ज़रा सी दूर खड़ी,मौत मुन्नी के घर पर आँख गड़ाये हुए है.

जब इसी सड़क पर हम साइकिल चलाते हुए स्कूल जाया करते थे, तब यहाँ पेड़ों से ढका पुरुषोत्तम का बंगला होता था. उसके खुले फाटक से गाय अंदर घुसकर बग़ीचा चबा जाती. बूढ़े पुरुषोत्तम लंगड़ाते हुए बाहर निकलकर गाय को हँकाते. बंगला बंजर और वीरान लगता था.सड़क सुनसान रहा करती. आगे चलकर सड़क के एक तरफ़ कैथे के पेड़ आ जाते. स्कूल से लौटते समय हम साइकिल से उतर,ढेला चलाकर सफ़ेद पक्के कैथे गिराने की कोशिश करते. स्कूल जाते हुए, घर के सामने मेरे तीनों भाई साइकिल धीमी करके चिल्लाते "अशोक! अशोक!" कि अशोक भी साइकिल लेकर निकलेगा कि नहीं. अशोक कभी निकल आता, कभी नहीं. जब निकल आता तो उन चारों की साइकिलें पूरी सड़क छेक लेतीं. हवा उनकी आसमानी रंग की स्कूली कमीज़ के अंदर घुस जाती और वे ग़ुब्बारे की तरह फूल जातीं. उनके बाल हवा में पीछे को बहने लगते.

मुन्नी के तबाही की ओर फिसलते हुए घर के बड़े से हाते का पिछवाड़ा हमारे घर के सामने के बग़ीचे और अंदर की सड़क से मिल जाता था. हमारे घर का हाता भी बड़ा था. अंग्रेज़ों के बनाये उस ज़माने के सभी इलाहाबाद के बंगलों के साथ ढेर सारी ज़मीन रहा करती थी. दोनों घरों के बीच दीवार नहीं थी. सिर्फ करौंदे की कँटीली झाड़ियों की लम्बी सी क़तार निशानी थी कि एक हाता कहाँ ख़तम होता है और दूसरा कहाँ शुरू. बराबर आवाजाही की वजह से झाड़ियों के बीच से एक हरी सुरंग जैसी बन गयी थी. पेट के बल रेंगकर, काँटों से छिलती हुई, मैं झाड़ियों की दूसरी तरफ़, उसके घर के हाते में निकल आती. वह मेरे घर कम आती थी. वे लोग अग्रवाल थे. उनकी रसोई में लहसुन प्याज़ का इस्तेमाल नहीं होता था. उसके पिता को शायद डर रहा हो कि हमारे घर आकर वह माँस मछली न खाने लगे. हो सकता है वे उसे आने से रोकते हों, जबकि ऐसा किसी ने कभी कहा नहीं. मुन्नी अपने पिता को बाबूजी कहती थी, मगर जब हम आपस में उनकी बात करते, तो वह उन्हें 'डैड' कहती. पता

नहीं वह ग़ुस्सैल थे या नहीं, मगर शकल से ग़ुस्सैल दिखते थे.

यह उसके घर का पिछवाड़ा होने की वजह से,पहले से ही नष्ट हाते की देखरेख बिल्कुल ही नहीं होती थी. झाड़ियों में से पेट के बल निकलते ही, मैं रेड़ के उलझे हुए जंगल के बीच होती. रेड़ के दरख़्त ऊँचे नहीं थे, मगर घने थे. साँझ के वक़्त रेड़ के जंगल में ख़रगोश, सियार और एकबार लोमड़ी दिखी थी. वहीं पर आम के एक धूल से लदे पेड़ पर से मैंने बिज्जू को उतरते देखा था, बस एक झलक भर. उसकी दुम झाऊ के पेड़ की डंगाल की तरह थी. दुम के रोएँ खड़े हुए थे. रेड़ के बड़े-बड़े पत्ते हाथ से झलने वाले पंखों की तरह लगते थे. हवा चलती तो उनमें से कराहने और फुसफुसाने की आवाज़ें आतीं. हवा अपने हाथों से पंखा झल रही है, मैं सोचती. अकसर लोग रेड़ का पत्ता माँगने आते थे. कई रोगों के इलाज में वे काम देते थे.

पीछे से होती हुई मैं घर के सामने पहुँची, तो मुन्नी बाहर नहीं थी. उसके पिता कटी बाँह की सफ़ेद बन्यान और ढीली मोरी का पयजामा पहने अपनी मोटरसाइकिल का मुआइना कर रहे थे. बन्यान एकदम सफ़ेद होने के कारण, उनका साँवला रंग और भी साँवला लग रहा था. मैं उसके पिता से घबराती थी. एक बार मैंने सोचा कि लौट जाऊँ, मगर उन्होंने मुझे देख लिया था. उनके हाथ और सीने पर घने बाल थे. एक हाथ में वह स्टेनलेस स्टील का कड़ा पहनते थे. चेहरा धूप से तमतमाया हुआ था. गर्मी के दिन थे.

"नमस्ते! मुन्नी है?" वे कम बोलते थे. उन्होंने पहले सिर नीचे किया, फिर ऊपर, कि वह अंदर है.

गोल कमरा ठंडा था, और अँधेरा. उसमें चौड़े हत्थे वाले बड़े बड़े सोफ़े रखे थे जिनके हल्के रंग की वजह से वे अँधेरे में दिख रहे थे. आगे बढ़ी तो देखा कि सोफ़े पर उनके दो एल्सेशियन कुत्ते, टाइगर और लिली, गहरी नींद में सो रहे थे. लिली ने मेरी आहट पाकर दुम हल्की सी हिलायी. टाइगर सोता रहा. गोल कमरे के बाद मैया की पूजा वाली कोठरी थी. ताक़ पर सुनहरी किनारी वाला लाल कपड़ा बिछा था. उसपर बहुत सारे भगवान सजे थे. श्री रामचरित मानस और दो तीन अन्य मोटी मोटी धार्मिक पुस्तकें नीचे एक छोटी मेज़ पर रखी थीं. मैया इन में से रोज़ डेढ़ दो घंटे का पाठ करती थीं. भगवान की मूर्तियों की झाड़पोंछ मुन्नी करती थी.सिर्फ़ एक बार मैंने उसको मैया के साथ पूजा करते देखा था. वह चौपल्थी मार के बैठी थी. उसने फ्रॉक

फैलाकर घुटनों को ढक लिया था.धूप बत्ती का धुँआ छोटे से कमरे में भर गया था. धूप बत्ती की महक तो थी ही, मगर पूरे घर में बासी दूध की सड़ती हुई गन्ध भी थी.उसके बाद भगवान की मूर्ति देखकर हमेशा मेरी नाक में सड़ते हुए दूध की महक आती.

अंदर आकर सब तरफ़ देख लिया मगर मुन्नी नहीं दिखी. मैया पूजा घर के पीछे वाले कमरे में बैठी पुराने चिथड़ों से कुछ सी रही थीं. कोई खिलौना. शायद कपड़े के ख़रगोश का कान हो, या गिलहरी.

"क्या सी रही हैं, मैया?" मैं भी उन्हें मैया कहने लगी थी. वह मुझे बेटी की तरह मानती थीं. दीपावली की रात जब वह काजल पारती थीं, तो मेरे लिये एक डिबिया ज़रूर अलग रखतीं. उनका गोरा, पतला सा चेहरा ख़ून की कमी से सफ़ेद हो रहा था.

"हेलीकाप्टर!" उन्होंने जल्दी से मेरी तरफ़ देखते हुए कहा. वह हेलिकाप्टर की तरह नहीं लग रहा था.

मुन्नी घर के एकदम पीछे वाले बरामदे में सीमेंट की मुंडेर पर चुपचाप बैठी रेड़ के जंगल को देख रही थी. मैं थोड़ी देर पहले वहाँ से गुज़री थी मगर मुझे वह नहीं दिखी थी. इसका कारण था कि रास्ते में एक बड़ा सा नीम का पेड़ था. पेड़ को अमरबेल ने जकड़ लिया था और उससे लटकती बेल की लम्बी लम्बी रस्सियों के आर पार कुछ नहीं दिखता था. उसके बग़ल में चार पाँच फुट ऊँची छोटी सी दीवार में नल लगा हुआ था. नल हमेशा सूखा रहता था. उसे खोल दो तो उसमें से सूँ सूँ की आवाज़ आती, निकलता कुछ नहीं था. अमरबेल की रस्सियों पर हम झूला करते. मुन्नी झूलने के मूड में नहीं लग रही थी.

"मैं बीमार हूँ. शरीर का सारा ख़ून बहा जा रहा है," मुझे देखकर उसने मरते हुए से अंदाज़ में कहा. उसका चेहरा उतरा हुआ था. मैंने उसका माथा छू के देखा. लगा हल्की सी

हरारत है. मगर कोई ख़ास नहीं थी.

"कहाँ है ख़ून? "मैंने पूछा. उसे लगा मैंने उसकी बात पर विश्वास नहीं किया. उसने अपने शरीर को मुंडेर पर रगड़ते हुए बायीं तरफ़ थोड़ा घसीटा. सचमुच मुंडेर की सीमेंट पर गहरे कत्थई रंग का निशान बन गया.

"यह कैसे हुआ? चोट है?दिखाओ कहाँ है," मैंने कहा. वह मुंडेर पर पीछे खिसक कर अधलेटी सी हो गयी.उसने अपनी फ़्राक ऊपर करके मुझे दिखाया. फ़्राक के नीचे वह नीले रंग की जाँघिया

पहने थी. जाँघिया पर फूल बने थे. वह सफ़ेद नाड़े से बँधी थी. फूलों के बीच ख़ून का धब्बा भी फूलों में मिल गया था. धब्बा किसी और जाति के फूल की तरह लग रहा था.

"मैया ख़ून को रोकने के लिये नैपकिन सी रही हैं. कहती हैं अब यह हर महीने होगा," उसने हताशा से कहा.

"नैपकिन! कह रही थीं हेलीकाप्टर है." उसने तिरस्कार भरी नज़र मेरे ऊपर डाली, जैसे कि मैं कितनी बेवक़ूफ़ हूँ.

"सब लड़कियों को होता है. तुम्हें छू दूँ, तो तुम्हें भी हो जायेगा."

"मुझे मत छूना." मैंने थोड़ा पीछे हटते हुए कहा.

"नहीं छू रही हूँ."

"टाइगर! टाइगर!" अशोक आ गया था. उसने ज़ोर से सीटी बजायी. टाइगर उसे सुन कर दौड़ा हुआ आता था. मगर टाइगर नहीं आया. टाइगर अशोक का दुलारा कुत्ता था. वह जंगल में गेंद फेंकता और टाइगर उसे मुँह में दबाकर वापिस ले आता. लिली से उसको उतना प्रेम नहीं था. लिली बूढ़ी हो गयी थी. अशोक के टाइगर-प्रेम और उसके टाइगर को सीटी बजाकर बुलाने की आदत के कारण मुन्नी अशोक को टियु कहने लगी थी । उसकी सीटी टियु टियु करके बजती थी । अब सभी उसे टियुकहते थे. अजीब सा नाम था, पर चिपक गया.

"टियु, वह अंदर गोल कमरे में सो रहा है. अभी आते में मैंने उसे देखा था," मैंने कहा. अशोक बिल्डिंग के बग़ल से होता हुआ फिर घर के आगे की तरफ़ चला गया.

मुन्नी की अस्थिर आँखें मुझ तक लौट आयीं.

"एक बात कहूँ, किसी से कहोगी तो नहीं?"

"मैं किससे कहूँगी?"

"मैया से."

"नहीं. नहीं कहूँगी."

"मैं पूजा घर में गयी थी. मैंने भगवानजीकी मूर्तियों को भी छुआ था ।" उसने ज़रा देर रुक कर कहा.

"तो क्या हुआ?"

"मैया ने कहा है मैं पूजा घर में गयी तो अनर्थ हो जायेगा. मैं रसोई में भी नहीं जा सकती."

"क्यों?"

"क्योंकि जब तक ख़ून बहेगा, मैं रसोई या पूजा घर में नहीं जा सकती."

"मगर क्यों?" मुझे यह सब शर्मनाक लग रहा था. क्या सचमुच मेरे साथ भी ऐसा हो सकता है? उसे कोई बीमारी हो गयी होगी. मुझे नहीं हो सकती. मुन्नी मेरे सवाल का जवाब नहीं दे पा रही थी.

"मैं जा रही हूँ मैया से पूछने."

"नहीं, नहीं! तुमने वादा किया था. कभी मत कहना मैया से. मेरे पूजा घर में जाने वाली बात से उन्हें दुःख होगा. वह डैड से कह देंगी. डैड पता नहीं क्या करें." मुन्नी अपने पिता से डरती थी.

वह परेशान लगने लगी. वह सोच रही थी कि मैं मैया से कह दूँगी. मैंने मैया से नहीं कहा. मैया धर्म को लेकर कट्टर थीं. मिशनरी स्कूल के छोटे से गिरजाघर में हम विद्यार्थियों को कभी कभी ले जाया जाता था. वहाँ नीची सी बेंचों पर घुटने टेक कर हम क्लास में रटायी गयी प्रार्थना बुदबुदाते थे. उसके बाद उँगलियों से छूकर, माथे और सीने पर क्रॉस बनाते हुए 'आमीन' कहते थे. गिरजाघर के बाहर दीवार में बने पात्र से 'होली वाटर' माथे पर लगाते थे. यह सब का रोमाँच था. मैया को पता चला था तो उन्होंने इसको लेकर बहुत शोर मचाया. उन्हें लगा था उनकी बेटी इसाई हो जायेगी. उन्होंने पिता को स्कूल भेज दिया था. हम फिर भी गिरजाघर जाते रहे. गिरजा पत्थर का बना हुआ और पुराना था. अंदर ठंडक रहती थी. काँटों का मुकुट पहने ईसू मसीह की प्रतिमा ऊपर, दूर पर टँगी थी. गिरजे के अंदर जाना अच्छा लगता था.

जब हम दसवीं कक्षा में पहुँचे, तो मुन्नी और मैं अलग अलग क्लास में बैठने लगे. वह हाई स्कूल वाले भाग में चली गयी और मैं सीनियर केम्ब्रिज वाले में. पढ़ाई बढ़ जाने के कारण मेरा उसके घर जाना भी कम हो गया. सीनियर केम्ब्रिज कर लेने के बाद, आगे पढ़ने के लिये मैं दिल्ली चली गयी, वह इलाहाबाद में रह गयी. छुट्टियों में इलाहाबाद आती तो उसकी ख़बर मिलती थी, कि वह लोकल अख़बार में पत्रकार हो गयी है, कि वह उसी मिशनरी स्कूल में पढ़ाने लगी है, जिसमें हम पढ़ा करते थे, कि उसने अपना अख़बार चलाना शुरू कर दिया है. कितने साल यूँ ही निकल गये. फिर पता चला कि वह बीमार है, काम काज सब छूट गया है. तभी से शायद उसकी याददाश्त वाली बीमारी शुरू हुई होगी. मगर मैं उसके घर नहीं गयी. मेरा वहाँ जाना बरसों से बंद हो गया था. हमारे घरों के बीच करौंदे की काँटों वाली झाड़ी कट गयी थी. उसके और मेरे घर के बीच की सीमा-रेखा कहाँ

है, यह साफ़ नहीं था, इसलिये वहाँ दीवार नहीं बनी थी. उसकी जगह, जहाँ संभवतः सीमा-रेखा होगी, वहाँ मेंहदी के पेड़ों की क़तार लगा दी गयी थी. मेंहदी में काँटे नहीं होते. रेड़ का जंगल साफ़ कर दिया गया था, यहाँ से वहाँ तक सब खुला था और नुक्कड़ पर पुराने चिलबिल की छाया में खड़ी बिंदादीन की गुमटी दिखने लगी थी. मगर उसके घर जाने का रास्ता अब ज़्यादा कठिन लगता था. वहाँ जाने का ख़्याल भी नहीं आता. फिर पता चला कि उसकी शादी एकदम से हो गयी है. वह कहीं दूर चली गयी है. शायद करनाल. या फिर कर्नाटक. ऐसा ही कोई नाम, बड़की ने कहा, जो उनके यहाँ भी काम करती थी.

बरसों तक मैंने उसे नहीं देखा. मेरी दुनिया बदल गयी थी. उसकी भी. मेरी दुनिया के नक़्शे से उसका नाम हट गया था. इलाहाबाद से दिल्ली और दिल्ली से विदेशी शहरों की सैर करने में आधी से ज़्यादा ज़िन्दगी निकल गयी. मैं बूढ़ी हो चली थी. वह भी मेरी ही उम्र की थी. मैं उसके बारे में बिल्कुल नहीं सोचती थी. वह अभी जीवित थी, क्योंकि उसके मरने की ख़बर नहीं आयी थी. अभी मरने की उम्र न तो उसकी थी, न मेरी. अगर ऐसी ख़बर आयी होती तो मैं उसके बारे में ज़रूर सोचती. मगर जल्दी ही उससे मिलना हुआ. अशोक की मृत्यु के बारे में बड़की ने बताया. टाइगर को सीटी बजाकर बुलाता हुआ टियु मुझे याद आया. मगर टाइगर और लिली तो कब के मर चुके थे. उनकी जगह सड़क के कुत्तों की फ़ौज ने ले ली थी, जिनको टियु रोटी खिलाता था. उसे कुत्ते पसंद थे. उसके परचाये हुए कुत्ते हमारे घर भी आकर रात भर नोच खसोट करते, शोर मचाते. अग्रवाल परिवार ज़िन्दगी भर हमारे पड़ोस वाले घर में बना रहा. ख़ुशी या ग़मी के मौक़े छोड़, वहाँ से शायद ही कोई हमारे घर कभी आया. मेरे घर से भी कोई वहाँ नहीं जाता था.मगर ख़बर पूरी रहती थी. बड़की ने अशोक की मृत्यु के बारे में नहीं बताया होता तो भी मुझे पता चल जाता. कोई मर गया है, इसका अंदाज़ मुझे हुआ था. रात को ग्यारह बजे रोने की आवाज़ मुझे अपने कमरे में ज़रा देर को सुनायी दी थी. फिर सन्नाटा. हमारे घरों के बीच रेड़ का जंगल नहीं था, मगर सन्नाटे में मुझे लगा कि जंगल कराह रहा है. हवा चल रही थी.

तीसरे दिन होने वाले शान्ति पाठ के पहले ही मैं वहाँ चली गयी. पत्थर के शेरों की पहरेदारी वाले सामने के फाटक से एक दो बार ही मैं वहाँ गयी थी. फाटक पर मुन्नी के स्वर्गीय

पिता और दोनों भाईयों का नाम लिखा था. मुन्नी का नाम नहीं लिखा था. मुन्नी को मैंने पूछा तो पता चला कि वह है. बल्कि यह, कि वह रोज़ चौक से आ जाती है. चौक में उसके पति का घर है. तो वह शहर छोड़कर गयी ही नहीं?

"तुम्हें तो मैं जानती हूँ!" उसने आते ही कहा."मगर तुम रहती कहाँ हो?"

"वहीं हूँ जहाँ थी, तुम्हारे बग़ल में. मगर तुम कहाँ हो? मैंने तो सुना था तुम कहीं बाहर हो?"

"नहीं, मैं चौक में रहती हूँ. मेरे पति वहाँ हैं. मेरी शादी हो गयी है. इस इलाक़े में हम घर ढूँढ़ रहे हैं."

"मगर यह घर तो ख़ाली पड़ा है?" उसने मेरे प्रश्न का जवाब नहीं दिया.

"मेरे पति मेरी देखभाल करते हैं. मेरी शादी एकदम से हो गयी थी." उसने कहा.

"सुना तो था. मगर कब हुई?"

"मुझे कुछ याद नहीं. मैं अस्पताल में थी. फिर मेरी शादी हो गयी. मैं मना कर रही थी मगर वह मान नहीं रहे थे."

"कौन नहीं मान रहे थे?"

"अशोक भैया और मेरे पति." वह टियु को अशोक भैया कब से कहने लगी थी?

"तुम्हारी शादी अस्पताल में हो गयी?"

"मुझे कुछ याद नहीं. किसी ने साड़ी का घूँघट मेरे मुँह पर डाल दिया था. कुछ दिख नहीं रहा था. अंदर गर्मी थी तो मैंने सिर निकालकर ऊपर देखा. अशोक भैया हाथ में सबसे बड़ा वाला कैडबरी चॉकलेट लिये खड़े थे. उसने चॉकलेट मेरे हाथ में पकड़ा दिया. तब मैं हँसी. अशोक भैया ही तो थे जो सब को हँसाते थे."

"हाँ, हमें बहुत हँसी आती थी. शाम को तुम चौक चली जाओगी?"

"नहीं. शान्ति पाठ के बाद जाऊँगी. तुम शान्ति पाठ में आना."

"ज़रूर आऊँगी."

"चलो मैया से तुम्हें मिलाती हूँ. वह ख़ुश हो जायेंगी." मैया अभी थीं? वे बहुत बूढ़ी हो गयी होंगी. जब हम ही बूढ़े हो गये थे.

उसने फिर अपनी बाँह मेरी बाँह में फँसा ली थी. वह गोल कमरे के मुख्य दरवाज़े से मुझे अंदर ले गयी. वह बड़े बड़े सोफ़े अब भी मौजूद थे, मगर उनके ऊपर का कपड़ा बदलकर कत्थई धारियों वाला कपड़ा मढ़ दिया गया था. और वह कमरे के बीच में नहीं, एक तरफ़ रख दिये गये थे. कुछ परिवार के लोग वहाँ बैठे आपस में बात कर रहे थे. एक औरत, जो शायद मुन्नी की

भाभी थी, किसी दूसरी औरत से धीमी आवाज़ में बात कर रही थी. मुझे देखकर वह चुप हो गयी. सब खड़े हो गये. कमरे में अँधेरा अँधेरा था. टाइगर और लिली सोफ़े पर नहीं सो रहे थे.

मुन्नी कमरे की गोलाई पार करती हुई मुझे अंदर के एक और कमरे तक ले गयी. फिर, एकदम से उसने मेरा हाथ पकड़ के मुझे रोक दिया. मैंने उसकी तरफ़ देखा. अँधेरे में उसका चेहरा साफ़ नहीं दिख रहा था. उसने फुसफुसाकर कहा,

"मैया से मत कहना!"

उस दिन को पचास साल बीत चुके थे. पचास साल जैसे पल भर में निकल गये थे. मगर वह दिन नहीं बीता था. वह मौजूद था अभी, उसके और मेरे दरमियान - समूचा, अपनी एक एक तफ़सील लिये ठहरा हुआ, अध्वंस्य. पचास साल उसको नष्ट नहीं कर पाये थे. और वह, जिसको कुछ याद नहीं रहता था, उसे वह दिन याद था.

मैया ने मुझे नहीं पहचाना. उनकी आँखें धँस गयी थीं, गाल की हड्डियाँ उभर आयी थीं. मोटी रज़ाई के नीचे वह दुबकी पड़ी थीं. जाड़ा था.

"मैया, अनीता आयी है," उसने कहा. "ऐनी! बग़ल वाले घर से?"

उनकी आँखों के गढ़ों में एकदम से पानी भर आया. उनके होंठ काँपने लगे. अशोक उनका पहला बच्चा था. उसे देखकर उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाती. उसके लिये वह रसोई में जाकर उसके पसन्द की चीज़ें बनाती थीं. पहली बार किसी बच्चे के शरीर की गर्मी उन्होंने अपने शरीर पर महसूस की होगी. उन्होंने रज़ाई से एक हाथ बाहर निकालकर मेरा हाथ पकड़ लिया. उनके हाथ का माँस लगभग ग़ायब हो चुका था. मुझे लगा मेरे हाथ में लम्बी कुंजियों का ठंडा गुच्छा आ गया है.

"वह हेलीकाप्टर नहीं था," थोड़ी देर ख़ामोश रहने के बाद उन्होंने एकाएक मेरी तरफ़ देखकर कहा.

"मुझे मालूम हैकि वह हेलीकाप्टर नहीं था," मैंने कहा.

"चलो अब बाहर चलते हैं. तुमने उन्हें देख लिया." मुन्नी मेरा हाथ घसीट रही थी. शायद उसका डर लौट आया था कि मैं मैया से बता दूँगी. कि उसने भगवान की मूर्तियाँ छुआ था. जब वह 'अपवित्र' थी. लगभग आधी सदी बीत गयी

थी मगर वह अभी तक 'अपवित्र' और 'पवित्र' के जंजाल में फँसी हुई थी. एक बार वह कीड़ा दिमाग़ में घुस जाये, तो क्या वह सदा वहाँ रेंगता रहता है?

बाहर धूप में निकलकर अच्छा लगा. फाटक के पास, घास की पट्टी के बग़ल की क्यारियों में रंगबिरंगे मौसमी फूल खिले हुए थे.

"अब तुम कहाँ रहती हो?" शायद वह समझी नहीं थी कि मैं अभी उसी घर में थी, उसके बग़ल में.

"हम फिर कैसे मिलेंगे? अपना मोबाइल नम्बर दे देना," उसने बिना मेरे जवाब का इंतज़ार किये हुए कहा.

"हाँ, दे दूँगी," मैंने कहा. "तुम्हें मैसेज कर दूँगी."

उसने नहीं पूछा कि मैं उसे किस नम्बर पर मैसेज करूंगी.

"अपना मोबाइल नम्बर दे देना," उसने दोबारा कहा.

"हाँ, मैं मैसेज कर दूँगी," मैंने फिर कहा. मैं शेर वाले फाटक से बाहर निकलकर घर वापिस आ गयी.

अशोक के शान्ति पाठ में मैं नहीं गयी.

सम्पर्क सूत्र :

प्रमुख कहानीकार,

ई-मेल : sararai11@gmail.com

लौहित्य साहित्य सेतु: सहयोगी विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित द्विभाषिक ई-पत्रिका

वर्ष: 5, अंक: 8; जनवरी-जून, 2024

कविता दादी का जीवन

डॉ. संजीव मंडल

गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू हो गई थी। कुछ दिनों से घूमने फिरने में ही समय बीत रहा था। गर्मियों की छुट्टियाँ खत्म होते ही कॉलेज विक शुरू हो जायेगा। घर में लिखी गई कहानी की प्रतियोगिता में मुझे हिस्सा लेना है। मगर कहानी लिखने के लिए कोई प्लॉट नहीं मिल रहा है। कहानी लिखने की कोशिश मैं कर रहा हूँ इनदिनों। कहानी शुरू करता हूँ तो कुछ पंक्तियों के आगे बढ़ नहीं पाता। कहानी लिखना कितना मुश्किल है मुझे अब पता चल रहा है। सोचने को तो कुछ भी सोचा जा सकता है। पर उसे कहानी का रूप देना मुझे मेरे बस का नहीं लग रहा। मैं एक बहुत बड़ा कहानीकार बनना चाहता हूँ। जब स्कूल में था जानवरों को लेकर हल्की-फुल्की कथाएँ लिखता था। पर जो कहानियाँ अब मुझे कोर्स में पढ़ने को मिल रही है मुझे वैसी कहानी लिखनी है। प्रतियोगिता में पुरस्कार मिल जाये तो बड़ा
अच्छा होगा। पुरस्कृत कहानियों को कॉलेज मैगजीन में छापा जायेगा। खुद जब कुछ लिखते हैं, उसे छपा हुआ देखना कितना दिलचस्प होता है।

पिताजी ऑफिस से लौटे तो मैं उनके पास गया। वे नहा-धोकर चाय पी रहे थे। मैंने जब माँ से अपनी कहानी की बात की तो उन्होंने मुझे कहा कि पिताजी इस मामले में मेरी मदद कर सकते हैं। वे छात्र जीवन में कहानियाँ लिखते थे। पिताजी ने मुझे पास खड़े पाया तो मेरी तरफ देखने लगे मानो परख रहे हो कि मैं क्यों खड़ा हूँ वहाँ।

"क्या बात है भई। आजकल तो बहुत घूमना-फिरना हो रहा है। घर में दिखते नहीं। थोड़ा पढ़ाई-लिखाई भी करो। हम तो गर्मियों की छुट्टियों में भी पढ़ते थे। इससे हमारा सिलेबस जल्दी पूरा हो जाता था। बाकियों से हम चार कदम आगे रहते थे। परीक्षा के समय
रात-रात भर उल्लू की तरह जागकर नहीं पढ़ना पड़ता था।" पिताजी मुझे सलाह दे रहे थे।
मैंने पिताजी से कहा –

"पिताजी मुझे आप से एक जरूरी बात करनी है।"

"हाँ बोलो क्या बात है?"

"दरअसल मुझे आपसे थोड़ी मदद चाहिए।"

"जो बात है सीधे-सीधे कहो। मैं कोई बाघ हूँ क्या जो तुम्हें खा जाऊँगा।"

मैंने पिताजी को कहानी प्रतियोगिता की बात कही।

मेरी बात सुनकर पिताजी उत्साहित हो गए और एक पल के लिए तो मुझे लगा कहीं खो भी गए। उनकी आँखों में चमक थी।

"अरे बेटा यह बात है। मुझे पहले बोलते। अपने जमाने में मैंने भी बहुत सी कहानियाँ लिखी थीं। एक कहानी के लिए तो मुझे पुरस्कार भी मिला था। वह कहानी कॉलेज मैगजीन में भी छपी थी। तुम मेरे बुकशेल्फ में खोजोगे तो तुम्हें वह कहानी मिल जाएगी।"

"पिताजी आपकी कहानी मैगजीन में छपी थी।" इस बार मेरे उत्साहित होने की बारी थी। मैं वह कहानी पढ़ लेने के लिए बेचैन हो गया था।

"तेरा बाप भी एक जमाने में कहानीकार था।" पिताजी का सीना मानो चौड़ा हो गया था।

"पिताजी आप बैठिए मैं वह मैगजीन ढूँढ़ता हूँ।"

पिताजी का बुकशेल्फ खोला तो उसमें बहुत सी किताबें थीं। कई मैगजीनें भी थीं। मुझे पढ़ाई में इतनी रुचि नहीं थी। यह बुकशेल्फ खोलने का कभी अवसर ही नहीं आया। किताबों पर धूल जम गई थी। कुछ कॉलेज मैगजीनें मिलीं। मैगजीनों के कवर पेज पर बड़े-बड़े अक्षरों में छपा था 'कॉटनियान'। ये कॉटन कॉलेज के मैगजीन थे। पिताजी ने कॉटन कॉलेज में पढ़ाई की थी। मैंने एक-एक कर मैगजीनों की विषयसूची देख ली। एक मैगजीन में मुझे हिंदी सेक्सन में मेरे पिता की कहानी मिली – "कविता दादी का जीवन।"

मैं उछल पड़ा। मैं कहानी पढ़ने लगा।

(1)

कविता के गाल पर झन्नाटेदार झापड़ पड़ा। वह कई कदम हिल गयी और गिरते-गिरते बची। उसका दोष यह था कि उसके कमर से मिट्टी का घड़ा जो वह पानी से भरकर ला रही थी – गिरकर चकनाचूर हो गया था। कविता ने

न रोने की लाख कोशिश की पर उसकी रुलाई फूट पड़ी।

"हरामी! तेरे बाप को आने दे। एक ही घड़ा था,वह भी फोड़ दिया। अपनी खोपड़ी में पानी भरकर लायेगी अब।"

कविता सिसकती रही। कविता की बूढ़ी दादी बाहर का हंगामा सुनकर झोपड़ी से बाहर दौड़ी आई। क्या हुआ यह जानने में दादी को कुछ ही पल लगे। गीली जमीन पर टूटे पड़े घड़े के टुकड़ों और सिसकती कविता के लाल गाल को देखकर दादी सब समझ गयी।

कविता फूल सी कोमल और कलियों के उम्र की थी। इस छोटी सी लड़की की ऐसी हालत उसके माँ के गुजरने के बाद भी नहीं हुई थी। पर जब बाप दूसरी शादी कर लाया तब उसकी किस्मत के सितारे बूझ गए। हर रोज खड़ी-खोटी सुनना, लात-झापड़ खाना उसकी किस्मत बन गई थी। दादी सोचती उसके रहते ही ऐसी हालत है तो उसके मरने पर न जाने बच्ची को यह डायन जिंदा भी छोड़े या नहीं।

घड़े में पानी का वजन और दिनों को तो कविता संभाल लेती थी। पर कल रात से ही कविता को बुखार था और कमजोरी महसूस हो रही थी। छलकते घड़े को वह किसी तरह संभाल-संभालकर ला तो रही थी पर आँगन में पहुँचकर घड़े को उतारते वक्त कविता घड़े का वजन संभाल नहीं पाई,घड़ा हाथ से छूट गया और यह सर्वानाश हो गया।

(2)

"अरे सुनती हो, रामेश्वर की लड़की आई है,जा दुकान खोलकर सामान दे दे।" महेश दादा ने अपनी बूढ़ी पत्नी से कहा।

कविता दादी मानो सपने से जागी। अपने बचपन का वह दिन कविता दादी कितनी ही बार याद करती है। हर हरकत उसके आँखों के आगे सपने की तरह आ जाती है – सपनों की विचित्रताओं से खाली बिल्कुल ज्यों की त्यों। बचपन में सौतेली माँ के आने के बाद न जाने कितने ही दिन उसे मार खानी पड़ी,भूखा रहना पड़ा। पर वह दिन उसके मस्तिष्क से मिटाए नहीं मिटता।

"अरे भानु तुझे क्या चाहिए इस बेला?" खाना खाने का समय हो गया था या यों कह सकते हैं कि बीतने को ही था। दोपहर के बाद इस समय महेश दादा अपनी किराने की दुकान बंद ही रखते थे। खाना-वाना खाकर महेश दादा थोड़ा आराम करते,गाँजा फूँकते फिर कहीं दुकान खोलते। पर लोगों को चीजों की जरूरत तो

वक्त-बेवक्त पड़ सकती थी,इसलिए कभी-कभी दुकान खोलकर सामान देना पड़ता था।

कविता दादी ने दुकान खोली,भानु को सामान दिया। पैसे लिए। दुकान बंद करके खाना खाने चली गई। महेश दादा के पास आय का सबसे मजबूत साधन यह किराने की दुकान ही था। घर में कोई था नहीं,महेश दादा बूढ़े हो चुके थे, खेती की कुछ जमीन थी जो अब बँटाई पर चढ़ाकर गुजारा कर रहे थे। कविता दादी को महेश दादा बहुत प्यार करते थे। बच्चे भले ही उन्हें न हुए हो, पर उन्होंने कभी कविता दादी को इसके लिए एक भी शब्द नहीं कहा था। कविता दादी को जीवन में बहुत से दु:ख झेलने पड़े थे, पर महेश दादा के साथ वे अपने आप को सुखी मानती थी, क्योंकि भले ही अभावों के बीच ही जीवन बीता, वे महारानी की तरह नहीं रह पाई पर महेश दादा के साथ उन्होंने खुशी-खुशी ही अपनी 40 साल की शादी-शुदा जिंदगी बीता दी है।

कविता दादी को सभी बच्चे दादी ही पुकारते थे। इससे कविता दादी को सुकून मिलता था और अपने बच्चे न होने की कमी थोड़ी कम खटकतीथी।

(3)

चौदह-पंद्रह साल की हुई थी जब पिता ने गुवाहाटी के पांडु में किसी अमीर के घर कविता को काम करने भेज दिया था। पिता ने कहा था-

"देख बेटी,मेरे पास इतने पैसे नहीं कि तेरी शादी का खर्च निकाल पाऊँ। तू इस घर में काम कर और जितने हो सके पैसे इकट्ठा कर। तेरा मालिक अच्छा आदमी है। खाने-पीने को भी देगा,कपड़े-लत्ते भी देगा। पैसा भी देगा।"

कविता ने सिर झुका लिया था। फिर कविता उसी घर में काम करने लगी। उसे लगा घर में वह सूरज उगने से पहले उठकर काम पर लग जाती थी,रात ढलने तक काम करती रहती थी – यहाँ उससे कम ही मेहनत करनी पड़ती है। अब में कम से कम अपनी कमाई खाऊँगी।

वह तीन-चार महीने ही काम कर पाई थी कि उसके लिए वहाँ काम करना बहुत मुश्किल हो गया था। मालिक-मालकिन अच्छे थे। उसके प्रति स्नेह भी दिखाते थे। पर मालिक का बूढ़ा बाप जिस गलीज निगाहों से कविता को घूरता था, कविता उसे सह नहीं पा रही थी। फिर कुछ दिनों से बीच-बीच में बूढ़ा चाय देते वक्त कविता के हाथ पकड़ लेता था। कविता सोच रही थी काम छोड़ देगी। पर मालिक-

मालकिन को इसकी वजह क्या बतायेगी । क्या वह कह पायेगी साहब आपके बाप हरामी है । एक नौकरानी की कोई भी बात आखिर क्यों कोई मानेगा?

एक दिन कविता बूढ़े का कमरा साफ करने घुसी । देखा बूढ़ा सो रहा था । वह कमरा झाड़ू लगाने लगी । बूढ़ा सोने का नाटक कर रहा था । कविता झुककर झाड़ू लगा रही थी । बूढ़ा कविता को पीछे से देख रहा था । कविता का यौवनपुष्ट शरीर वह लोलुपता से देखता रहा । कविता झाड़ू लगाते हुए कमरे के एक कोने की तरफ बढ़ी । बूढ़े ने पीछे से आकर कविता को जकड़ लिया । कविता चौंक गई, वह कुछ करती उससे पहले ही बूढ़े ने इस तरह कविता को जकड़ा कि वह छूटने की जी तोड़ कोशिश करते हुए भी छूट नहीं पा रही थी । उसे इस बात पर आश्चर्य हुआ कि ऐसे मरियल बूढ़े में इतनी ताकत । बूढ़ा कविता को चूम रहा था । कविता ने चीखते हुए बूढ़े को जोर का धक्कादिया । बूढ़ा लड़खड़ाता हुआ जमीन पर गिरगया । गिरते ही बूढ़ा कराह उठा । कविता रोते हुए भागी और भागती रही । पीछे से बूढ़े की आवाज सुनी-

"साली तेरा जीना मुहाल न कर दिया तो देखना ।"

मालिक-मालकिन बच्चों के साथ पड़ोस में पूजा में गए हुए थे । कविता भागती गई । उसे अपने गाँव का रास्ता थोड़ा-थोड़ा पता था । पांडु से मिर्जा तक की दूरी उसने पैदल तय की । सवारी के लिए न उसके पास पैसे थे,न साहस । सूरज ढलते वक्त वह घर पहुँची । उसके छोटे भाई-बहन अपनी दीदी को देखकर खुशी से चिल्लाने लगे ।

अगले दिन मालिक-मालकिन कविता के घर आए । पूछा भी क्या बात है? क्या हुआ?वह क्यों वहाँ से बिना बताए चली आई?न कविता ने कुछ बताया न वापस जाने को राजी हुई ।

(4)

"क्या तुम मुझसे डरती हो,मैं खौफनाक हूँ?"

कविता चुप रही । श्रीकांत उसे देखता रहा । फिर वह मुस्कराने लगा ।

"तुम इतना डरती हो मुझसे, मैं बाघ नहीं हूँ ।"

आज दो महीनें हो गए है कविता को गाँवबूढ़ा के घर काम करने आए । परसो ही श्रीकांत आया है गुवाहाटी से । छरहरा युवक,देखने में बहुत ही सुंदर । श्रीकांत गाँवबूढ़ा का छोटा बेटा है । घर के लोग उसे बाबा कहकर

पुकारते हैं। दोनों भाभियाँ अपने देवर पर जान छिड़कती हैं। वह शहर से बहुत से उपहार लेकर आया है। घर के काम करते हुए कविता ने आते-जाते श्रीकांत को देखा है। पर वह श्रीकांत के देखते ही सिर झुका लेती है। पर ऐसे सुदर्शन युवक को देखने का मोह वह छोड़ नहीं पाती। इसलिए बीच-बीच में सबकी नजर बचाकर उसे निहारती है।

"बाबा भात परोस दिया है। चले आओ।"

बड़ी भाभी श्रीकांत को पुकारती है। श्रीकांत कविता के पास से रसोई घर चला जाता है। कविता की जान में जान आती है। उसकी तो साँसे ही नहीं चल रही थीं। वह बर्तन धोने लग जाती है।

(5)

कविता चाँदनी रात में श्रीकांत की बाहों में पड़ी हुई है। श्रीकांत उसे देख रहा है, उसकी पलकों को होठों से छू रहा है।

"तू मुझसे शादी करेगी?"

"आप मुझसे शादी करेंगे?"

"सवाल का जबाव सवाल नहीं होता।"

"मैं तो बहुत किस्मत वाली हूँगी।"

"तो मैं साल भर बाद पढ़ाई पूरी करके वापस आ जाऊँ,फिर मैं पिताजी से हमारी शादी की बात करूँगा।"

"वे मानेंगे?"

"तुझे कोई शक है?"

"मैं आपलोगों के घर काम करने वाली नौकारनी हूँ।"

"फिर ऐसा मत कहना।"

"पर..."

"कहा न।" श्रीकांत ने कविता के होठों पर होठ रखकर चुप करा दिया।

"ठीक है।"

श्रीकांत और कविता पूनम के चाँद तले भविष्य की योजनाएँ बनाते हुए पहली बार एक दूसरे के हो गए। कविता ने अपने जीवन के प्रथम पुरुष को अपना तन सौंप दिया।

दो दिन बाद श्रीकांत गर्मियों की छुट्टियाँ बिताकर गुवाहाटी चला गया।

दिन बीतने लगे। श्रीकांत के लौटने की बात होने लगी। कविता खुश होने लगी। श्रीकांत की शादी की बात होने लगी। कविता का जी घबराने लगा। आखिर वह दिन भी आया जब श्रीकांत वापस आया। श्रीकांत जब आया तब

कविता उसके कमरे के दरवाजे के पास ही खड़ी थी। पर श्रीकांत ने उसकी तरफ देखा तक नहीं। कविता का दिल टूट गया।

फिर वह दिन भी आया जब श्रीकांत की शादी हो गई।

कविता ठगी-ठगी सी रह गई। पर वह किस बूते श्रीकांत से कुछ कहती या उसके परिवार वालों से कुछ कहती। उसने तो चाँद को छूने की नहीं पाने की कामना की थी। पर क्या चाँद ने उसे अपने आप को सौंपने का वादा नहीं किया था। कविता कुछ नहीं बोली। अकेले में रोयी और खूब रोयी। पर धोखे का बदला वह क्या लेती। गाँवबूढ़ा के घर से काम छोड़ कर आ गई।

सौतेली माँ ने कुहराम मचाया कि काम छोड़-छोड़ कर आ जाती है, हम अनाज इकट्ठा करे और इस चूहे के बिल में झोंक दे जैसे हमें और कोई काम नहीं,हमें महामूरख समझ रखा है। आज कविता कितनी अकेली है। दादी भी साथ छोड़ कर उस लोक में जा चुकी है।

(6)

पहाड़ी ज्यादा ऊँची नहीं थी। नीचे एक झरना था। झरने के नीचे गड्ढा सा बना था। गाँव की औरतें-लड़कियाँ यही से पानी भरती थीं। नदी दूर थी। यहीं आसान था आना। यहाँ पानी भी बहुत साफ और मीठा था। कविता दो घड़े ले आई थी। पानी ठण्डा था। वसुधा पानी भर रही थी। उसके साथ एक युवक था जो सूखी लकड़ियों की एक भारी गठरी के पास खड़ा था। वसुधा ने बात आरम्भ की।

"तूने गाँवबूढ़ा के घर का काम छोड़ दिया।"

"हाँ।" कविता की आँखों में वेदना उमड़ आई थी।

फिर इधर उधर की कुछ बातें करने के बाद बोली- "वे मेरे भैया हैं। तेरे को पसंद करते हैं।"

कविता फटी-फटी आँखों से वसुधा को देखने लगी। वह युवक उसकी तरफ देखे जा रहा था। वसुधा अपनी रो में बोलती गई कि बहुत दिनों से उसके भैया कविता को पसंद करते हैं। फिर आखिर में उसने पूछा-

"मेरी भाभी बनेगी?"

कविता ने अपने सहेलियों को इस प्रस्ताव के बारे में बताया तो सभी ने यही कहा–

"महेश अच्छा लड़का है,तेरे श्रीकांत की तरह दिखने में सुंदर और पढ़ा-लिखा न हो पर तेरे को सुखी रखेगा।"

बिल्ली ने उनकी थाली में पड़ी मछली पर झपट्टा मारा तो कविता दादी चौंककर वर्तमान

में आ गई । जूठे बर्तन लेकर माँजने के लिए हैंड पंप के किनारे चली गई ।
